# श्रमसाधना

स्वर्ण जयंती

दैनिक सांध्यकालीन

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

www.shramsadhnanews.com

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 07 ग्वालियर, शुक्रवार 07 अगस्त 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### जनप्रतिनिधि और अधिकारी करेंगे मैदानी भ्रमण, आमजन की समस्याओं का होगा समाधान

## आज से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

**भोपाल जीएनएस**

प्रदेश सरकार का ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ 7 अगस्त 2026 से शुरू होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र में प्रत्येक शुक्रवार को जनप्रतिनिधि और अधिकारी मैदानी स्तर पर पहुंचकर आमजनों से संवाद करेंगे तथा उनकी समस्याओं का निराकरण कराएंगे।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने अभियान के सफल संचालन के लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों और विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शुक्रवार अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मौजूद रहकर



नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

अभियान के अंतर्गत नगर निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी योजना से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। साथ ही लंबित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इसके अलावा आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संवाद भी किया जाएगा।

**इन स्थानों पर लगेंगे शिविर :** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत पहला शिविर 7 अगस्त को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-6 में आयोजित होगा। इसके बाद 14 अगस्त को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-8, 21 अगस्त को क्रमांक-16, 11 सितंबर को क्रमांक-2, 18 सितंबर को क्रमांक-9, 25 सितंबर को क्रमांक-17 और 9 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-10 में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 16 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-3 एवं 14, 23 अक्टूबर को क्रमांक-10 एवं 24, 30 अक्टूबर को क्रमांक-7 एवं 22, 6 नवंबर को क्रमांक-4 एवं 20, 13 नवंबर को क्रमांक-11 एवं 21, 20 नवंबर को क्रमांक-18 एवं 25, 27 नवंबर को क्रमांक-23, 4 दिसंबर को क्रमांक-5, 12 दिसंबर को क्रमांक-12, 18 दिसंबर को क्रमांक-19, 1 जनवरी 2027 को क्रमांक-1 तथा 8 जनवरी 2027 को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-13 में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### रैली-रोड शो के बजाय होगा युवा संवाद

## आज वरिष्ठ नेतृत्व के सान्निध्य में पदभार ग्रहण करेंगे भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिवम

**ग्वालियर जीएनएस**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवम रानू राजावत शुक्रवार को वरिष्ठ नेतृत्व और हजारों युवाओं की मौजूदगी में पदभार ग्रहण करेंगे।



कार्यक्रम शाम 4 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित किया जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवम रानू राजावत ने पदभार ग्रहण समारोह को पारंपरिक रैली, रोड शो और स्वागत-सत्कार से अलग रखते हुए युवा संवाद का स्वरूप दिया है। उनका कहना है कि संगठन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए संवाद सबसे प्रभावी माध्यम है। राजावत के अनुसार वर्तमान समय में युवाओं को भटकाने के लिए विभिन्न देश विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। ऐसे में युवाओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें भ्रम और भटकाव से बचाते हुए राष्ट्रहित और भारत को परम वैभव तक ले जाने के मार्ग से जोड़ने की आवश्यकता है। युवा संवाद के माध्यम से युवाओं के विचार जानने, उनकी समस्याओं को समझने और संगठन की आगामी दिशा पर चर्चा का प्रयास किया जाएगा।

### लोकायुक्त ग्वालियर की कार्रवाई, अशोकनगर के पिपरई क्षेत्र में पकड़ा गया आरोपी

## आटा चक्की के कनेक्शन के लिए मांगी थी 10 हजार रिश्वत, 5 हजार लेते लाइन हेल्पर गिरफ्तार

**ग्वालियर जीएनएस**

बिजली विभाग के लाइन हेल्पर को लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अशोकनगर जिले के पिपरई क्षेत्र में की गई। आरोपी ने आटा चक्की के कमर्शियल बिजली कनेक्शन के लिए उपभोक्ता से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।



लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजनलाल शर्मा के अनुसार, आरोपी बाबूराम पटेल पुत्र स्व. रामलगन पटेल (45), लाइन हेल्पर, प्रबंधक विद्युत कंपनी अशोकनगर में पदस्थ है। वह एमपीईबी कॉलोनी अशोकनगर में निवास करता है। आरोपी ने ग्राम कुकरेथा, तहसील पिपरई निवासी किसान श्रीराम बैरागी पुत्र रघुवरदास बैरागी (42) से आटा चक्की के लिए कमर्शियल बिजली कनेक्शन जारी करने के बदले 10 हजार रुपए की मांग की थी।

पीड़ित ने इसकी शिकायत ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में की थी। शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त टीम ने रिश्वतखोर कर्मचारी को पकड़ने के लिए योजना बनाई। तय रणनीति के अनुसार शुक्रवार को जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 हजार रुपए लिए, लोकायुक्त टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।

कार्रवाई के दौरान आरोपी के हाथों को जब केमिकल युक्त पानी से धुलवाया गया तो पानी का रंग गुलाबी हो गया, जिससे रिश्वत की पुष्टि हुई। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कैट मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

## व्यापारी उद्यमी बनकर एमएसएमई क्षेत्र में आगे बढ़ें : सीएस वर्णवाल

**भोपाल जीएनएस**

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से वल्लभ भवन मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान व्यापार और उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।



मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने कहा कि व्यापारियों को अब उद्यमी की भूमिका में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर छोटे एवं कम लागत वाले उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने व्यापारियों से भारतीय उत्पादों के निर्माण और एमएसएमई क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कैट प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव को नई दिल्ली में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और कैट की ओर से आमंत्रण पत्र भेंट किया। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों को एमएसएमई क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कैट लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मुलाकात कर उन्हें भारतीय व्यापार महोत्सव में आमंत्रित करेगा। प्रतिनिधिमंडल में कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन जैन शिवपुरी, सुनील जैन (501 भोपाल), प्रदेश मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा भोपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप गोदा भोपाल और ग्वालियर मीडिया प्रभारी हिमांशु छापड़िया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्य धाम आश्रम में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**नई दिल्ली जीएनएस**

गुरु-शिष्य परंपरा के शाश्वत महत्व और आध्यात्मिक ज्ञान की रूपांतरकारी शक्ति को समर्पित श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन दिल्ली स्थित दिव्य धाम आश्रम में किया गया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा आयोजित महोत्सव में देशभर से हजारों श्रद्धालु, साधक और गणमान्य अतिथि शामिल हुए। सभी ने दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और समर्पण के भाव व्यक्त किए।

महोत्सव का शुभारंभ ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इसके बाद सामूहिक गुरु पूजन, मंगल आरती, भजन और आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया। गुरु गोरखनाथ और उनके गुरु मत्स्येन्द्रनाथ की कथा पर आधारित आध्यात्मिक नाट्य प्रस्तुति ÷जाग गोरख मच्छंदर का खेल है माया÷ आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। प्रस्तुति के माध्यम से मोह, माया और सांसारिक आसक्ति के प्रभाव तथा आध्यात्मिक जागरण की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

डीजेजेएस के प्रतिनिधि स्वामी नरेंद्रानंद जी, साध्वी तपेश्वरी भारती जी, साध्वी शैव्या भारती जी एवं साध्वी दीपांकरा भारती जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व और दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि गुरु की शिक्षाओं को जीवन में उतारना ही वास्तविक गुरु-भक्ति है।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु-शिष्य संबंध सामान्य शिक्षक-विद्यार्थी संबंध से कहीं अधिक गहरा और आध्यात्मिक होता है। गुरु शिष्य को आत्मबोध, आत्म-अन्वेषण और परमात्मा के अनुभव की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वर्तमान समय की भौतिक चुनौतियों और तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को आंतरिक शांति और जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से ध्यान, नैतिक आचरण और निष्काम सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। साथ ही गुरु पूर्णिमा को आत्मचिंतन, आत्म-मूल्यांकन और आध्यात्मिक संकल्पों को मजबूत करने का अवसर बताया।

महोत्सव में सामूहिक ध्यान सत्र और विशाल सामुदायिक भंडारे का भी आयोजन किया गया। ध्यान के दौरान श्रद्धालुओं ने आत्मिक शांति और आंतरिक मौन का अनुभव किया। भंडारे ने समानता, सेवा और सामूहिकता की भावना को मजबूत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आध्यात्मिक उत्थान और मूल्य आधारित सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक चेतना के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# सफलता की कहानी : कोसाबाई की टपकती झोंपड़ी अब सम्मानजनक आशियाने में बदल गई है

**ग्वालियर, जीएनएस।**
एक समय ऐसा भी था जब हर बरसात कोसाबाई के लिए नई मुसीबत लेकर आती थी। कच्ची झोंपड़ी से पानी टपकने लगता व जहरीले जीव-जंतुओं का डर भी बढ़ जाता। पर अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनकी जिंदगी की तस्वीर ही बदल दी है। आज उनके सिर पर पक्की छत है, घर में बिजली, पानी, रसोई गैस और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं हैं। इतना ही नहीं, सुरक्षित घर मिलने के बाद परिवार में आत्मविश्वास लौटा, आय बढ़ी और भविष्य के प्रति नई उम्मीद जगी।

ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत डबरा के ग्राम बीजकपुर निवासी श्रीमती कोसाबाई बघेल के लिये पति के निधन के बाद दो बेटों का पालन-पोषण करना किसी बड़े संघर्ष से कम नहीं था। उनके पास न जमीन थी और न ही कोई स्थायी आय का साधन। बकरियां पालकर एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के सहारे वे किसी तरह परिवार का जीवनयापन कर रही थीं। कमजोर आर्थिक हालात की वजह से पक्का घर उनके लिए किसी सपने जैसा था।

ऐसे विपरीत हालातों में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके




लिये वरदान बनकर सामने आई। जिसके तहत उन्हें पक्का आवास मिला। इस एक बदलाव ने उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय जोड़ दिया। अब वे निश्चिंत होकर अपने घर में रहती हैं और परिवार भी भविष्य को लेकर आश्वस्त है। सुरक्षित आवास मिलने के बाद उनका बड़ा बेटा भी मुंबई जाकर रोजगार करने लगा, जिससे परिवार की आय में वृद्धि हुई और आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में मजबूत हुई। कोसाबाई को प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्की छत तो मिली ही है, साथ ही सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उनके घर तक पहुँचा है। उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, नल से पानी की सुविधा, शौचालय, कल्याणी पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पट्टा तथा %समृद्ध पर्यावास% के तहत वाटर हार्वेस्टिंग पिट का लाभ भी मिला। इन सुविधाओं ने उनकी जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया। कोसाबाई भावुक होकर कहती हैं कि पहले उन्हें लगता था कि जीवन में कभी पक्के घर का सपना पूरा नहीं होगा। आज वही सपना साकार हो चुका है। वे प्रधानमंत्री आवास योजना और शासन की अन्य जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हैं। कोसाबाई का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक घर नहीं बनाती, यह योजना पूरे परिवार के जीवन में सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और खुशहाली की नई नींव रखती है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता वाहन को एसडीएम पोहरी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शिवपुरी, जीएनएस।**
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ मौसम 2026 में अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने और प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसडीएम पोहरी श्री जे.पी.गुप्ता ने गुरुवार को एसडीएम ऑफिस परिसर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन विकासखंड पोहरी की ग्राम पंचायतों एवं गांवों में भ्रमण कर किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर एसडीएम पोहरी श्री जे.पी.गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना




किसानों के लिए प्राकृतिक जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए प्रत्येक पात्र किसान तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य कराएं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम 2026 की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अगस्त 2026 कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। मध्यप्रदेश शासन ने अलनीनो के प्रभाव से संभावित प्रतिकूल मौसम एवं फसल नुकसान की आशंका को देखते हुए किसानों की सुविधा के लिए बीमा अवधि में वृद्धि की है।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, ग्वालियर ( म.प्र. )

निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./सेतु/2026-27 ग्वालियर, दिनांक 03.08.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है:-

| ग्रुप क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित लागत ( रू. लाख में | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_PWDRB_525798_1 | शिवपुरी | पुल कार्य | शिवपुरी जिले के अन्तर्गत वृहद/मध्यम/छोटे पुलों के एप्रोच मार्ग सहित वियरिंग, इक्सपेंसन, ज्वाईट, आर.ई. बॉल आदि के रखरखाव व मरम्मत कार्य। | प्रथम | 16.50 | केवल ऑन-लाईन |
| 02 | 2026_PWDRB_525800_1 | श्योपुर | पुल कार्य | श्योपुर जिले के अन्तर्गत वृहद/मध्यम/छोटे पुलों के एप्रोच मार्ग सहित वियरिंग, इक्सपेंसन, ज्वाईट, आर.ई. बॉल आदि के रखरखाव व मरम्मत कार्य। | प्रथम | 16.55 | केवल ऑन-लाईन |
| 03 | 2026_PWDRB_525801_1 | गुना | पुल कार्य | गुना जिले के अन्तर्गत वृहद/मध्यम/छोटे पुलों के एप्रोच मार्ग सहित वियरिंग, इक्सपेंसन, ज्वाईट, आर.ई. बॉल आदि के रखरखाव व मरम्मत कार्य। | प्रथम | 16.55 | केवल ऑन-लाईन |
| 04 | 2026_PWDRB_525803_1 | अशोक नगर | पुल कार्य | अशोकनगर जिले के अन्तर्गत वृहद/मध्यम/छोटे पुलों के एप्रोच मार्ग सहित वियरिंग, इक्सपेंसन, ज्वाईट, आर.ई. बॉल आदि के रखरखाव व मरम्मत कार्य। | प्रथम | 16.60 | केवल ऑन-लाईन |

टीप - ( 1 ) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि दिनांक 11.08.2026 समय 10.00 से दिनांक 25.08.2026 समय 18.00 बजे तक निर्धारित है।
( 2 ) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन केवल ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर ( म.प्र. )

G-16746/26


## 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर एसडीएम पोहरी ने ली अधिकारियों की बैठक

**शिवपुरी, जीएनएस।**
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 के गरिमामय आयोजन की तैयारियों को लेकर पोहरी एसडीएम कार्यालय में गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री जेपी गुप्ता की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सभी विभाग प्रमुखों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पोहरी एलएसजीके महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में अनुभाग के समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। एसडीएम श्री जे.पी.गुप्ता ने बारिश के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर



वाटरप्रूफ टेंट लगाने और उपस्थित लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को महाविद्यालय परिसर की बेहतर साफ-सफाई और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए। पोहरी थाना प्रभारी को कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। टेंट, पानी, बिजली और सजावट सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि स्वतंत्रता दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें।

बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऑफिसर सिंह गुर्जर, तहसीलदार श्री शिवम उपाध्याय, थाना प्रभारी श्री रवि चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी श्री अवधेश सिंह तोमर, बीआरसीसी श्री शिवचरण लाल जाटव सहित मंडी कर्मचारी एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खरीफ फसलों में कीट-रोगों से बचाव के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने दी जरूरी सलाह

**शिवपुरी, जीएनएस।**
कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी के प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार के निर्देशन में डॉ.एम.के. भार्गव और डॉ.पुष्पेंद्र सिंह द्वारा जिले के किसानों को खरीफ 2026 की प्रमुख फसलों मूंगफली, मक्का, सोयाबीन, उड़द, मूंग और टमाटर में लग रहे कीट-रोगों से बचाव के उपाय बताए गए हैं।

**उड़द और मूंगफली में रोग**

उड़द में पत्ती धब्बा और मूंगफली में टिक्का रोग के लक्षण दिखने पर मेटीरम 55 प्रतिशत . पायरेक्लोस्ट्रोबिन 5 प्रतिशत डब्लूजी 900 ग्राम को 500 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

**उड़द-मूंग में पीला चितकबरा रोग**

उड़द और मूंग में पीला चितकबरा रोग के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 0.4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी या डायमेथोएट 30 प्रतिशत ईसी 1.5 से 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

**सोयाबीन में चक्रभृंग कीट**

सोयाबीन की शाखाएं लटकी और मुरझाई दिखें तो चक्रभृंग कीट का प्रकोप समझें। इसके नियंत्रण के लिए थायक्लोप्रिड 21.7 एससी 750 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें।

**सोयाबीन में इल्लियों का प्रकोप**

बिहार हेयरी कैटरपिलर और टस्क मोथ इल्लियां झुंड में रहती हैं। इन्हें शुरुआत में ही पौधे सहित खेत से निकाल दें। दवा की जरूरत हो तो फ्लूबेंडियामाइड 20 डब्लूजी 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर या लैम्ब्डा सायहेलोथिन 4.90 प्रतिशत सीएस 300 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें।

**सोयाबीन में पीला मोजेक रोग**

पीला मोजेक रोग के लक्षण दिखते ही सफेद मक्खी और एफिड के नियंत्रण के लिए थायोमिथोक्सम लैम्ब्डा सायहेलोथिन 125 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर या बीटासायफ्लुथिन . इमिडाक्लोप्रिड 350 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें।

**मक्का में फालआर्मीवर्म कीट**

मक्का की पत्तियों पर गंदगी और नुकसान दिखे तो फालआर्मीवर्म का प्रकोप है। इसके लिए इमामेक्टिन बेंजोएट 0.5 मिलीलीटर या क्लोरएंट्रानिलिप्रोल 0.4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

**टमाटर में कीट-रोग प्रबंधन**

टमाटर की फसल में वायरस जनित रोग से बचाव के लिए खेत में पीला स्टिक ट्रैप लगाएं और इको फ्रेण्डली प्रबंधन उपायों में 16 कतारों के बाद गेंदे की फसल लगाएं।

**जरूरी सावधानियां**

खरपतवार नाशक और कीटनाशक दवाएं कभी एक साथ न मिलाएं और न ही एक साथ छिड़काव करें। दवा छिड़कते समय मुंह पर मास्क, हाथ में दस्ताने और पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। एक दवा के बाद दूसरी दवा डालने से पहले स्प्रे पंप को साफ पानी से धोएं। अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय कृषि अधिकारी या कृषि विशेषज्ञ से संपर्क करें।

# 5,000 रुपए की रिश्वत नहीं, व्यवस्था पर उठता बड़ा सवाल

**ग्वालियर/डबरा।** ग्राम पंचायत लिधौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त जारी करने के नाम पर कथित रूप से 5,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए सहायक सचिव को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (श्वह्ळ्ळ) द्वारा रंगे हाथों पकड़े जाने की घटना केवल एक आपराधिक प्रकरण नहीं है। यह उस व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है, जहां गरीब और जरूरतमंद नागरिक को अपना वैध अधिकार पाने के लिए भी भय, दबाव और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य किसी गरीब परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। यदि ऐसी योजनाओं में भी लाभार्थियों से रिश्वत मांगे जाने के आरोप सामने आते हैं, तो यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि शासन की मूल भावना पर भी आघात है। जिस राशि से किसी परिवार का कई दिनों का गुजारा हो सकता है, वही राशि यदि उसके अधिकार की कीमत बन जाए, तो यह व्यवस्था की गंभीर विफलता



मानी जाएगी। सरकारें डिजिटल गवर्नेंस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (छ्ळ्क्ष) और पारदर्शी प्रशासन की बात करती हैं। निस्संदेह इन व्यवस्थाओं ने कई स्तरों पर सुधार भी किए हैं। लेकिन यह घटना बताती है कि अंतिम निर्णय या सत्यापन की प्रक्रिया जहां किसी कर्मचारी के विवेक पर निर्भर रह जाती है, वहां भ्रष्टाचार की आशंका पूरी तरह समाप्त नहीं होती। तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब उसके साथ जवाबदेही भी उतनी ही मजबूत हो।

ईओडब्ल्यू की कार्रवाई निश्चित रूप से सराहनीय है। लेकिन असली प्रश्न केवल एक आरोपी के पकड़े जाने का नहीं, बल्कि यह है कि क्या ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संस्थागत सुधार होंगे? क्या विभागीय कार्रवाई समयबद्ध होगी? क्या दोष सिद्ध होने पर ऐसी सजा मिलेगी, जो भविष्य में किसी अन्य कर्मचारी को गरीब का हक रोकने से पहले दस बार सोचने पर मजबूर करे? यह भी स्वीकार करना होगा कि अधिकांश सरकारी कर्मचारी ईमानदारी से अपना दायित्व निभाते हैं। किंतु कुछ लोगों का आचरण पूरे तंत्र की साख पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। इसलिए आवश्यकता किसी वर्ग विशेष को कठघरे में खड़ा करने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था विकसित करने की है, जहां किसी भी नागरिक को अपना वैध अधिकार प्राप्त करने के लिए रिश्वत, सिफारिश या शिकायत का सहारा न लेना पड़े। हमारा मानना है कि भ्रष्टाचार केवल सरकारी धन की चोरी नहीं है; जब वह गरीब के अधिकार, उसके घर, उसकी पेंशन या उसकी आजीविका तक पहुंचने में बाधा बनता है, तब वह समाज के सबसे कमजोर वर्ग के साथ अन्याय का रूप ले लेता है। ऐसे अन्याय के प्रति शून्य सहनशीलता ही सुशासन की असली पहचान हो सकती है।

### निगमायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## कम राजस्व वसूली में लापरवाही एवं बिना सूचना अनुपस्थित तीन करसंग्रहकों को नोटिस जारी

**ग्वालियर, जीएनएस।** नगर निगम की राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने राजस्व विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वसूली एवं कार्य में लापरवाही पाए जाने पर एक कर संग्रहक को नोटिस तथा बिना सूचना अनुपस्थित पाये जाने पर दो कर संग्रहकों को नोटिस जारी करने के निर्देष दिए। नोडल अधिकारी ने बताया कि अभी तक कुल राजस्व वसूली 4 करोड 70 लाख रूपये आ चुकी है। जो कि गत वर्ष से अधिक है। इस साल दुकान पीढ़ी, चबूतरा किराये से पहली तिमाही में 1 करोड 18 लाख रूपये की वसूली हुई है। बैठक में एमआईसी सदस्य श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, अपर आयुक्त श्री प्रदीप सिंह तोमर, उपायुक्त श्री सुनील चौहान, नोडल अधिकारी राजस्व श्री अनूप लिटोरिया सहित सभी राजस्व कर संग्रहक उपस्थित थे।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने आज राजस्व वसूली की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वसूली में लापरवाही बरतने पर राजस्व कर संग्रहक श्री जसवंत कुशवाहा को नोटिस जारी करने के निर्देष दिए। इसके साथ ही बिना सूचना अनुपस्थित श्री दिनेश जाटव एवं श्री रवि चौरसिया को भी नोटिस जारी करने के निर्देष दिए। इसके बाद नगर निगम की दुकान एवं पीढियों की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कहा कि पिछले वर्ष 5 करोड रूपये की वसूली हुई थी, जबकि इस साल पहली तिमाही में महज 1 करोड 18 लाख रूपये की वसूली ही हुई है। कम वसूली पर नगर निगम आयुक्त ने कर संग्रहकों पर नाराजगी जाहिर की। ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निर्देष दिए हैं कि जिन ट्रेड लाइसेंस का नवीनीकरण करना हैं उनके शत प्रतिशत लाइसेंस का नवीनीकरण करें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देष दिए हैं कि ट्रेड लाइसेंस बनाने के लिए प्रति सप्ताह टारगेट तय किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त ने रिक्त संपत्तियों की समीक्षा करते हुए निर्देष दिए हैं कि रिक्त सम्पत्तियों को लेकर उनके उपयोग हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके लिए इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार कर दें, जिससे रिक्त सम्पत्तियों के लिए योजना तैयार की जा सके।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने लीज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देष दिए हैं कि जिन स्थानों के लीज का नवीनीकरण किया जाना है, उनका शीघ्र नवीनीकरण किया जाए। इसके साथ ही लीज प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर लिपिक श्री ललित खटके को नोटिस जारी करने के निर्देष दिए। इसके साथ ही सामुदायिक भवनों की जानकारी ली तथा निगम के गालव रेस्ट हाउस की मरम्मत के लिए जनकार्य विभाग को पत्र लिखने के निर्देष दिए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने पार्किंग की समीक्षा की। नगर निगम की शहर में चिन्हित 31 पार्किंग हैं, इनमें से 7 का ठेका दिया गया है, जबकि 8 पार्किंग का संचालन नगर निगम के द्वारा किया जाता है। नगर निगम आयुक्त ने निर्देष दिए हैं कि जहां पर पार्किंग की आवश्यकता नहीं है।

## नगर निगम की विशेष मुहिम, शहर भर में 3,800 से अधिक पौधे रोपे गए


**ग्वालियर, जीएनएस।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर को हरा-भरा और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में विशेष मुहिम के तहत आज 3800 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने बताया कि शहर में वृहद रूप से पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत पार्कों, डिवाइडरों एवं खुली भूमि पर पौधारोपण किया जा रहा है। जिसके तहत आज अमृत हरित महाअभियान, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत लाल टिपारा पार्क क्षेत्र मे उद्यान



पर्यवेक्षक श्री दिनेश कुशवाह, आईईसी टीम एवं सामाजिक संस्थओं के सहयोग से 2100 पौधों का पौधारोपण किया गया। साथ ही उद्यान पर्यवेक्षक श्री राजकुमार नागर एवं एवं उनकी टीम द्वारा सरस्वती नगर पार्क, द्वारकाधीश पार्क, निगम मुख्यालय पार्क एवं आलापुर डिवाइडर, शिरोल डिवाइडर, नगर निगम तरुण पुष्कर, राजमाता गोलंबर, मानसिंह चौराहा गोलंबर, शाहिद नरेंद्र राणा गोलंबर पर 1150 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही आनद नगर सेक्टर नं 3 विनेश्वर पार्क, ज्वाला देवी पार्क, स्टोर एरिया पार्क, दुर्गा पार्क आनंद नगर, बड़ा पार्क आनंद नगर, गिर्राज पार्क, सूरज नगर पार्क, हड्डिमिल पार्क, शास्वती पार्क सूरज नगर, गणेश पार्क एवं मछली मंडी आदि पार्कों में 450 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही रामबाग कॉलोनी पार्क में 170 पौधे रोपे गए।

## साहित्य शिरोमणि पंडित दामोदर दास चतुर्वेदी स्मृति सम्मान समारोह तथा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**ग्वालियर।** आगामी 12 अगस्त को देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के तत्वावधान में ग्वालियर की सिग्नेचर सोसायटी के सभागार में हिंदी के मूर्धन्य साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार पंडित दामोदर दास चतुर्वेदी की पावन स्मृति को समर्पित एक भव्य साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में ग्वालियर के प्रतिष्ठित उद्योगपति सेठ सोहनलाल खंडेलवाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित बहुराष्ट्रीय



पत्रिका प्रज्ञान विश्वम् के विशेषांक का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से आ रहे अंतरराष्ट्रीय ख्यात कवि -पत्रकार पंडित सुरेश नीरव करेंगे तथा मुख्य अतिथि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ प्रवीण अग्रवाल होंगे। इस अवसर पर एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें नीदरलैंड्स से प्रवासी कवि विश्वास दुबे/डॉ. प्रकाश उपाध्याय (रतलाम)/डॉ राखी कटियार( वडोदरा)/ मधु मिश्रा (नोएडा)/आचार्य विजय तिवारी आदि।

## मुख्य बाजारों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**ग्वालियर, जीएनएस।** निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केषव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार दक्षिण विधानसभा अंतर्गत मदाखलत अधिकारी श्री



रवि कुमार कोरी के निर्देशन में हजीरा चौराहा, किलागेट रोड़, इंटक मैदान के बाहर रोड़, चार शहर का नाका रोड़ सहित आदि स्थानों पर खडे यातायात में बाधक हाथ ठेलों, सडक पर रखे सामानों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाकर अवागमन मार्ग क्लियर करवाया गया। साथ ही सम्बन्धितों को उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री श्रीकान्त सेन सहित मदाखलत अमला मौजूद रहा।

इसके साथ ही मदाखलत अधिकारी श्री सतेंद्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में महाराज बाड़ा अंतर्गत सुभाष मार्केट, नजरबाग मार्केट, टोपी बाजार, छापाखाना, हेमू चौक, एसबीआई बैंक के मुख्य मार्ग ब फुटपाथ क्लियर करवाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री आजाद खान सहित दल दक्षिण मौके पर उपस्थित रहा।

भिण्ड-गोरमी
के
समाचार
विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना

# संपादकीय

## मेडिकल प्रवेश छोड़ने की कीमत: परीक्षाओं के दलदल में छात्र

भारत में चिकित्सा शिक्षा लंबे समय से लाखों विद्यार्थियों का सपना रही है। हर वर्ष बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ डॉक्टर बनने की आकांक्षा लेकर मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि हर किसी का चयन मेडिकल कॉलेज में नहीं हो पाता। ऐसे में अनेक विद्यार्थी मेडिकल प्रवेश की दौड़ छोड़कर अन्य विकल्पों की ओर रुख करते हैं। दुर्भाग्य से उनके सामने एक नई समस्या खड़ी हो जाती है—वे एक परीक्षा से निकलकर दूसरी, फिर तीसरी और चौथी प्रतियोगी परीक्षा के दलदल में फँस जाते हैं।

आज का छात्र केवल ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि परीक्षा पास करने के लिए पढ़ने को मजबूर है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा से बाहर निकलने के बाद वह नर्सिंग, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, पैरामेडिकल, बीएससी, विभिन्न विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाएँ, सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाएँ और अनेक अन्य चयन प्रक्रियाओं में भाग लेने लगता है। हर परीक्षा का अलग पाठ्यक्रम, अलग पैटर्न, अलग फीस और अलग तैयारी होती है। परिणामस्वरूप छात्र का समय, ऊर्जा और आर्थिक संसाधन लगातार खर्च होते रहते हैं।

इस परीक्षा संस्कृति का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। बार-बार असफलता, अनिश्चित भविष्य, परिवार की अपेक्षाएँ और साथियों से तुलना विद्यार्थियों में तनाव, चिंता और आत्मविश्वास की कमी पैदा करती हैं। कई प्रतिभाशाली छात्र केवल इसलिए निराश हो जाते हैं क्योंकि वे किसी एक परीक्षा में सफल नहीं हो सके।

आर्थिक दृष्टि से भी यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है। कोचिंग संस्थानों की बढ़ती फीस, आवेदन शुल्क, यात्रा व्यय और अध्ययन सामग्री पर होने वाला खर्च मध्यमवर्गीय तथा ग्रामीण परिवारों के लिए भारी बोझ बन जाता है। कई परिवार अपनी सीमित आय का बड़ा हिस्सा बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं पर खर्च कर देते हैं।

समस्या केवल छात्रों की नहीं है, बल्कि हमारी प्रवेश प्रणाली की भी है। अलग-अलग संस्थानों और पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग परीक्षाएँ आयोजित होने से विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है। यदि प्रवेश प्रक्रिया अधिक समन्वित, पारदर्शी और सरल हो, तो छात्रों का समय और संसाधन दोनों बच सकते हैं। इसके साथ ही समाज को भी अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है। डॉक्टर बनना एक सम्मानजनक पेशा है, लेकिन सफलता का एकमात्र मार्ग नहीं। स्वास्थ्य विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, चिकित्सा अनुसंधान, मनोविज्ञान, पोषण विज्ञान, डेटा विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पर्यावरण विज्ञान तथा अनेक अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट करियर की संभावनाएँ मौजूद हैं। विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुसार मार्गदर्शन मिलना चाहिए, न कि केवल एक ही पेशे की ओर धकेला जाना चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रभावी करियर परामर्श की व्यवस्था समय की आवश्यकता है। यदि विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी मिले, तो वे एक परीक्षा में असफल होने के बाद स्वयं को असफल नहीं मानेंगे। साथ ही, कौशल-आधारित शिक्षा, इंटर्नशिप और व्यावहारिक प्रशिक्षण पर अधिक बल देने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षाओं का योद्धा बनाना नहीं, बल्कि जीवन के लिए सक्षम, आत्मविश्वासी और रचनात्मक नागरिक बनाना होना चाहिए।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

# बेहतर भविष्य का निर्माण कल्पना से कर्म तक

**डॉ विजय गर्ग**

मानव सभ्यता का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि हर महान परिवर्तन की शुरुआत किसी न किसी कल्पना से हुई है। कभी आकाश में उड़ना असंभव माना जाता था, लेकिन किसी ने उड़ान का सपना देखा और आज हवाई जहाज़ दुनिया को जोड़ रहे हैं। कभी चाँद पर पहुँचना कल्पना थी, आज अंतरिक्ष अनुसंधान नई सीमाएँ छू रहा है। आज जो भी आधुनिक सुविधाएँ हमारे जीवन का हिस्सा हैं, वे कभी किसी दूरदर्शी व्यक्ति के मन में जन्मे विचार मात्र थीं। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि बेहतर भविष्य की शुरुआत हमारी कल्पना से होती है।

बेहतर भविष्य की कल्पना करना केवल सपने देखना नहीं है, बल्कि यह विश्वास करना है कि हम आज से बेहतर कल बना सकते हैं। यह सोच हमें समस्याओं से भागने के बजाय उनके समाधान खोजने की प्रेरणा देती है। यदि हम एक ऐसी दुनिया चाहते हैं जहाँ स्वच्छ पर्यावरण हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो, समान अवसर हों और सभी लोग सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें, तो हमें आज से ही उस दिशा में कार्य करना होगा।

आज दुनिया अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों का क्षय, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी, मानसिक तनाव और तेज़ी से बदलती तकनीक ने समाज के सामने नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। लेकिन इतिहास हमें यह भी सिखाता है कि हर संकट अपने साथ नए अवसर लेकर आता है। जब भी मानवता ने किसी कठिनाई का सामना किया है, उसने विज्ञान, नवाचार और सहयोग के माध्यम से उसका समाधान खोजा है।

शिक्षा किसी भी बेहतर भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। शिक्षा का उद्देश्य




केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता, तार्किक सोच और मानवीय मूल्यों का विकास करना भी होना चाहिए। भविष्य उन्हीं लोगों का होगा जो लगातार सीखते रहेंगे, नई परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालेंगे और अपने ज्ञान का उपयोग समाज के हित में करेंगे।

तकनीक भविष्य को बदलने की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ढ्ढ), रोबोटिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष विज्ञान मानव जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। इन तकनीकों का उपयोग यदि नैतिकता, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ किया जाए, तो वे गरीबी, बीमारी और पर्यावरणीय समस्याओं जैसे अनेक वैश्विक मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। तकनीकी प्रगति तभी सार्थक होगी जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचे।

एक बेहतर भविष्य की कल्पना प्रकृति के संरक्षण के बिना अधूरी है। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल, हरे-भरे जंगल और जैव विविधता केवल पर्यावरण की नहीं, बल्कि मानव जीवन की भी आवश्यकता हैं। यदि हम आज पेड़ लगाएँ, जल बचाएँ, ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करें और प्लास्टिक के उपयोग को कम करें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी छोड़ सकते हैं। छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े बदलाव का आधार बनते हैं।

बेहतर भविष्य का अर्थ केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक विकास भी है। एक ऐसा समाज जहाँ महिलाओं और पुरुषों को समान अवसर मिलें, बच्चों के अधिकार सुरक्षित हों, बुज़ुर्गों का सम्मान हो और किसी के साथ जाति, धर्म, भाषा या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न किया जाए—वही वास्तव में विकसित समाज कहलाएगा। करुणा, सहिष्णुता और सहयोग ऐसे मूल्य हैं जो किसी भी समाज को मजबूत बनाते हैं।

युवा पीढ़ी भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। उनके पास नई सोच, नई ऊर्जा और नई संभावनाएँ हैं। यदि उन्हें सही शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलें, तो वे विज्ञान, शिक्षा, उद्योग, कृषि, कला और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ स्थापित कर सकते हैं। युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान खोजने वाला और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला नागरिक बनने की प्रेरणा देनी चाहिए।

आशा और सकारात्मक सोच किसी भी परिवर्तन की प्रेरक शक्ति होती हैं। बेहतर भविष्य केवल इच्छाओं से नहीं बनता, बल्कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और जिम्मेदारी से निर्मित होता है। हर अच्छी आदत, हर नई सीख, हर ईमानदार प्रयास और हर नेक कार्य भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आइए हम एक ऐसे भविष्य की कल्पना करें जहाँ शहर स्वच्छ और हरित हों, गाँव आत्मनिर्भर हों, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हों, विज्ञान मानव कल्याण के लिए कार्य करे और विकास के साथ-साथ पर्यावरण का भी संरक्षण हो। यह सपना असंभव नहीं है, यदि हम आज से ही अपने कर्तव्यों को गंभीरता से निभाना शुरू कर दें। भविष्य किसी और के द्वारा नहीं बनाया जाएगा। उसे हम सब मिलकर बनाएँगे। हमारी सोच, हमारे निर्णय और हमारे कार्य ही आने वाले समय की दिशा तय करेंगे। इसलिए आइए, हम सकारात्मक सोचें, बड़े सपने देखें, जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और एक ऐसे समाज के निर्माण में योगदान दें जहाँ शांति, समानता, समृद्धि और मानवता सर्वोच्च मूल्य हों।

याद रखिए, हर महान बदलाव पहले किसी की कल्पना था। इसलिए आज ही एक बेहतर भविष्य की कल्पना कीजिए और उसे साकार करने की दिशा में पहला कदम बढ़ाइए। क्योंकि आज की कल्पना ही कल की वास्तविकता बनती है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

# राष्ट्रीय गौरव और लोकतांत्रिक अधिकार

**डॉ विजय गर्ग**

किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति केवल उसकी सीमाएँ, सेना या अर्थव्यवस्था नहीं होती, बल्कि उसके नागरिकों की जागरूकता, संविधान के प्रति आस्था और राष्ट्र के प्रति सम्मान होता है। राष्ट्रीय गौरव और लोकतांत्रिक अधिकार एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। जब नागरिक अपने अधिकारों का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करते हैं और राष्ट्र के सम्मान को सर्वोपरि मानते हैं, तभी एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता, धार्मिक स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और न्याय पाने का अधिकार प्रदान करता है। ये अधिकार लोकतंत्र की आत्मा हैं, क्योंकि इनके माध्यम से नागरिक अपनी बात रख सकते हैं, शासन से प्रश्न पूछ सकते हैं और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। लेकिन संविधान ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जुड़े होते हैं। कोई भी स्वतंत्रता निरंकुश नहीं हो सकती।

राष्ट्रीय गौरव का अर्थ केवल राष्ट्रध्वज को सलाम करना या राष्ट्रगान गाना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है देश की एकता, अखंडता, विविधता, संस्कृति, लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करना। राष्ट्रीय गौरव तब और मजबूत होता है जब नागरिक ईमानदारी से कर चुकाते हैं, कानून का पालन करते हैं, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करते हैं, पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में योगदान देते हैं।

लोकतांत्रिक अधिकारों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। विचारों की विविधता लोकतंत्र को जीवंत बनाती है। सरकार की नीतियों की आलोचना करना, सुधार की मांग करना और वैकल्पिक विचार प्रस्तुत करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। किंतु यह आलोचना तथ्यपरक, जिम्मेदार और संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर होनी चाहिए। ऐसी अभिव्यक्ति जो हिंसा, घृणा, विभाजन या राष्ट्र की सुरक्षा को नुकसान पहुँचाए, लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं मानी जा सकती।

आज सोशल मीडिया ने हर नागरिक को अपनी बात रखने का मंच दिया है। यह लोकतंत्र के लिए एक अवसर भी है और चुनौती भी। झूठी खबरें, भ्रामक सूचनाएँ, अफवाहें और घृणा फैलाने वाली सामग्री समाज में तनाव और अविश्वास पैदा कर सकती हैं। इसलिए डिजिटल युग में नागरिकों का दायित्व है कि वे किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जाँच करें और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनें।

राष्ट्रीय गौरव केवल अतीत की उपलब्धियों पर गर्व करने से नहीं, बल्कि वर्तमान में सकारात्मक योगदान देने से भी बढ़ता है। जब युवा शिक्षा, नवाचार, विज्ञान, खेल, साहित्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करते हैं, तब वे देश का सम्मान विश्व मंच पर बढ़ाते हैं। यही सच्ची राष्ट्रसेवा है।

विद्यालय और परिवार इस संतुलन को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों को केवल अधिकारों की जानकारी देना पर्याप्त नहीं है; उन्हें संविधान, कर्तव्यों, सहिष्णुता, संवाद, विविधता के सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यावहारिक महत्व भी सिखाना आवश्यक है। जागरूक और संवेदनशील नागरिक ही लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

भारत की सबसे बड़ी पहचान उसकी विविधता में एकता है। विभिन्न भाषाएँ, संस्कृतियाँ, परंपराएँ और विचार हमारे लोकतंत्र को समृद्ध बनाते हैं। जब हम मतभेदों को सम्मानपूर्वक स्वीकार करते हैं और संवाद के माध्यम से समाधान खोजते हैं, तभी लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता दोनों मजबूत होते हैं।

अंततः, राष्ट्रीय गौरव और लोकतांत्रिक अधिकार एक ही रथ के दो पहिए हैं। जहाँ राष्ट्रीय गौरव हमें देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का भाव देता है, वहीं लोकतांत्रिक अधिकार हमें स्वतंत्र, जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने का अवसर प्रदान करते हैं। इन दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना ही एक सशक्त, समृद्ध और लोकतांत्रिक भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती महोत्सव का भव्य समापन, नीलम बिलैया की प्रतिभा का हुआ सम्मान

**डबरा, जीएनएस।**

गहोई वैश्य समाज डबरा द्वारा जंगीपुरा स्थित श्री रामलला मंदिर परिसर में आयोजित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के पांच दिवसीय महोत्सव का सोमवार को सांस्कृतिक गरिमा और उत्साह के साथ भव्य समापन हुआ। समापन दिवस पर महिलाओं के लिए मटकी सजाओ एवं कविता पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में अपनी सृजनात्मक सोच और प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित करने वाली श्रीमती नीलम बिलैया समारोह की मुख्य आकर्षण रहीं। उन्होंने मटकी सजाओ एवं कविता पाठ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार हासिल किया। उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की उपस्थितजनों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

इस अवसर पर गहोई वैश्य नवयुवक मंडल डबरा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। श्रीमती नीलम बिलैया के साथ श्रीमती मीना मसूरिया, श्रीमती लक्ष्मी निगोटी एवं श्रीमती मोंटी गुप्ता को भी सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर वक्ताओं ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए समाज में संस्कृति, शिक्षा और प्रतिभाओं के सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। पूरे आयोजन ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और महिला सशक्तिकरण का प्रेरक संदेश दिया।




# आगरा आगमन पर अमित सिंह परिवार ने किया स्वागत-अभिनंदन

**आगरा, संजय सागर सिंह।**

पवित्र सावन मास के शुभ अवसर प्रथम पर पंचवटी में उस समय आध्यात्मिक आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब हनुमानगढ़ी अयोध्या के परम पूज्य महंत राजूदास जी महाराज के पावन आगमन से पूरा वातावरण जय बजरंगबली के जयकारों और भक्तिभाव से गूंज उठा। महंतजी के आगरा आगमन पर अमित सिंह एवं सचिन सिंह के परिवार द्वारा श्रद्धापूर्वक स्वागत-अभिनंदन किया। उनके दर्शन, संत-वाणी और आशीर्वचनों का लाभ पाकर हजारों श्रद्धालु स्वयं को धन्य मानते नजर आए। संत जी महाराज के आशीर्वचनों से अभिभूत श्रद्धालुओं ने इसे अविस्मरणीय आध्यात्मिक प्रसंग बताया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति, सेवा और संत-कृपा का ऐसा अनुपम भक्तिमय वातावरण बना, जिसने पंचवटी की



इस पावन बेला को स्मरणीय बना दिया।

पंचवटी स्थित अमित सिंह एवं सचिन सिंह के आवास पर आयोजित धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। महंत राजूदास जी महाराज के पावन सान्निध्य में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक संत-वाणी का श्रवण किया और जीवन में धर्म, संस्कार, सेवा, सद्भाव एवं मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। संत के पावन सान्निध्य से पंचवटी का वातावरण देर तक भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

**संत-वाणी ने दिया धर्म, सेवा और सद्भाव का संदेश**

महंत राजूदास जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, सद्भाव, करुणा और मानव कल्याण की भावना को जीवन में उतारना ही सच्ची धार्मिक चेतना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सदैव सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलते हुए समाज में प्रेम एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमित सिंह के आवास पर आयोजित विशाल भंडारे में महंत राजूदास जी महाराज स्वयं सम्मिलित हुए और श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। संत के सान्निध्य और प्रसादी सेवा ने आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा के साथ-साथ सेवा और समर्पण का स्वरूप प्रदान किया।

**संकटमोचन से आगरा की सुख-समृद्धि की मंगलकामना**

महंत श्री राजूदास जी महाराज ने संकटमोचन प्रभु श्री हनुमान जी महाराज से पंचवटी परिवार सहित समस्त आगरा के सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि बजरंगबली की कृपा प्रत्येक परिवार पर बनी रहे और समाज में धर्म, सेवा, सद्भाव एवं परस्पर प्रेम की भावना निरंतर मजबूत होती रहे।

महंतजी ने श्रद्धालुओं को मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का वास हो तथा सभी के जीवन में धर्म एवं सेवा की भावना निरंतर प्रबल होती रहे और संकटमोचन श्री हनुमान जी महाराज की असीम कृपा सभी पर बनी रहे।

# नशा मुक्त भारत की मुहिम शुरू, मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने पोस्टरों से दिया जागरूकता का संदेश

**फिरोजाबाद, जीएनएस।**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में बुधवार को %नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान% की शुरुआत हुई। अभियान के पहले दिन चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, वहीं बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) योगेश कुमार गोयल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम शासन की एनकॉर्ड (हृष्टह्रञ्ज) योजना और वर्ष 2026-29 की कार्ययोजना के तहत हुआ। 200 शैया अस्पताल के सामने टीबी एवं चेस्ट विभाग के सह-आचार्य डॉ. कोमल के संयोजन में पौधरोपण किया गया। डॉ. कोमल ने कहा कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ और विकसित भारत की आधारशिला है। युवाओं को नशे की लत से दूर रखना समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने नशे के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव, उससे होने वाली बीमारियों तथा नशामुक्ति के उपायों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में छात्रों की रचनात्मकता और जागरूकता देखने को मिली। अभियान की नोडल अधिकारी एवं मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अरूशिखा सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शिकोहाबाद में 608 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एटा निवासी एक महिला को 608 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुरातन रोड स्थित खाली मैदान से रूपा पत्नी संजीव कुमार निवासी हिंदू नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद एटा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 608 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शिकोहाबाद में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी के खिलाफ एटा जिले में भी एनडीपीएस एक्ट का एक मुकदमा पहले से दर्ज है।




## दतिया कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई

बैठक में राजस्व प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम हेल्पलाइन, टीएल एवं अवमानना प्रकरणों सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मां पीताम्बरा मंदिर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, गौशालाओं के सुव्यवस्थित संचालन, संबल योजना के लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण, श्रमयोगी मानधन योजना तथा एएनसी पंजीकृत महिलाओं की समग्र आईडी संबंधी कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही 7 अगस्त से प्रारंभ होने वाले मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसकी शुरुआत भाण्डेर से होगी।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 से होगा प्रारंभ

**भिण्ड, जीएनएस।**

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर भिण्ड द्वारा जिले में जनसंवाद शिविरों का रोस्टर जारी किया गया है। अभियान का आयोजन 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करेगा।

जारी रोस्टर के अनुसार प्रथम जनसंवाद शिविर 7 अगस्त को विकासखण्ड मेहगांव के गोरमी में आयोजित होगा, इसके बाद 14 अगस्त को विकासखण्ड गोहद के एण्डोरी में, 21 अगस्त को विकासखण्ड लहार के आलमपुर में तथा 28 अगस्त को विकासखण्ड गोहद के मौ में जनसंवाद शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन जनसंवाद शिविरों के दौरान संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी तथा आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित जनसंवाद शिविरों में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए सहभागिता करने की अपील की है।

अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाएगी और शिकायतों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभागाध्यक्षों को भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रत्येक शुक्रवार क्षेत्र भ्रमण कर विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने की रणनीति तैयार,भाजपा महानगर कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**(संतोष कुमार सिंह )**

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गुलाब बाग में पांच अगस्त बुधवार को ÷हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा÷ अभियान के सफल आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई 7 बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने की,बैठक में महानगर पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी,मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे 7 बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा ÷हर घर तिरंगा÷ केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि राष्ट्रभक्ति,राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति सम्मान की जनभागीदारी का महाअभियान है 7 उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रत्येक नागरिक को अपने घर,प्रतिष्ठान एवं कार्यालय पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराना चाहिए तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ना चाहिए 7 उन्होंने संगठन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया 10 से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल एवं वार्ड स्तर पर भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा।

12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों पर स्वच्छता एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे 7 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा 7 शहीदों के परिजनों,वीर सैनिकों एवं राष्ट्रसेवा में समर्पित पुलिस कर्मियों का सम्मान किया जाएगा।



विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों,युवा मोर्चा,महिला मोर्चा तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी 7 सोशल मीडिया पर हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा 7 मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बूथ एवं प्रत्येक घर तक पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाएं जिससे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे महानगर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण सशक्त रूप से दिखाई दे। कार्यक्रम का संयोजक महानगर उपाध्यक्ष मधुकर चित्रांश को बनाया गया है बैठक का संचालन नवीन कपूर एवं धन्यवाद प्रकाश अशोक पटेल ने किया 7 बैठक में प्रमुख रूप से महापौर अशोक तिवारी, नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास बाबा,सुरेश चौरसिया,चंद्रशेखर उपाध्याय, कुसुम पटेल,साधना वेदांती,रचना अग्रवाल,गीता शास्त्री,आत्मा विश्वेश्वर, मधुप सिंह,अभिषेक मिश्रा,प्रमील पाण्डेय,अजय गुप्ता,विवेक पाण्डेय,अतुल सिंह,योगेश वर्मा,विभव सिंह,पंकज चतुर्वेदी,मनोज सोनकर, आदि।

राजपूताना परिधान में महिलाओं ने किया कैटवॉक, अर्पिता जैन बनीं हरियाली क्वीन

# जैन मिलन महिला सिटी सेंटर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह एवं हरियाली तीज उत्सव आयोजित

**ग्वालियर जीएनएस**

जैन मिलन महिला सिटी सेंटर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह एवं हरियाली तीज उत्सव चेतकपुरी स्थित साइंस कॉलेज के सामने होटल सुख सागर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2026-27 के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की, वहीं महिलाओं ने राजस्थानी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में नवीन अध्यक्ष सत्य शालिनी जैन, सचिव शीतल जैन, कोषाध्यक्ष अंजना जैन सहित नई कार्यकारिणी को विधिवत शपथ दिलाई गई। इस दौरान महिलाओं ने हरियाली तीज के अवसर पर राजपूताना वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर रंग-बिरंगी चुनरियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।



जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय प्रचार अध्यक्ष राजेश जैन बंटी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला टोंग्या, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अनिता जैन, शपथ अधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन, मंत्री कमलेश जैन, क्षेत्रीय संयोजिका संजू जैन एवं संस्थापक अध्यक्ष शालू जैन उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संस्था का परिचय एवं स्वागत उद्बोधन संस्थापक अध्यक्ष शालू जैन ने दिया। महावीर वंदना शैलजा जैन द्वारा प्रस्तुत की गई, जबकि मंगलाचरण अंजना जैन ने किया।

**राजपूताना कैटवॉक और हरियाली तीज की रही धूम :** हरियाली तीज उत्सव के तहत महिलाओं ने राजपूताना कैटवॉक प्रस्तुत किया। आकर्षक परिधानों और पारंपरिक श्रृंगार से सजी महिलाओं ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में अर्पिता जैन और स्वाति जैन को हरियाली क्वीन चुना गया। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं ने हरियाली तीज के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नीलम जैन ने हरियाली डांस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सारिका जैन ने किया।

**नई कार्यकारिणी ने ली शपथ :** शपथ अधिकारी महेंद्र जैन ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसमें अध्यक्ष सत्य शालिनी जैन, सचिव शीतल जैन, कोषाध्यक्ष अंजना जैन, उपाध्यक्ष नीलम जैन, उपसचिव पूर्वी जैन, ग्रीटिंग मंत्री रूचि जैन, धार्मिक मंत्री मंजू जैन, सामाजिक मंत्री नीतू जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

जिला मुख्यालय पर आज दिया जाएगा धरना

## कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कर्मचारी संघ का चरणवद्ध आंदोलन शुरू

**शिवपुरी जीएनएस**

म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ द्वारा अनेक ज्ञापनों एवं मांग पत्रों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों को निराकरण करने का अनुरोध पूर्व में किया गया किन्तु मांगों का निराकरण न कर अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को ओर अधिक जटिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा का समय पर पालन न कर कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा, तीन संतान की बाध्यता समाप्ति, सीपीसीटी परीक्षा को अनावश्यक पदोन्नति में बाधा बनाकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति रोकने सहित प्रदेश व जिला स्तरीय मांगें शामिल हैं। जिसका मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ पुरजोर बिरोध करते हुये चरणवद्ध आंदोलन कर कर्मचारी हितों के आदेशों को तत्काल लागू करने का अनुरोध करेगा।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पिपलौदा एवं जिला सचिव राज कुमार सरैया ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा की समाप्ति, कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा एवं तीन संतान की बाध्यता की समाप्ति व अन्य प्रदेश व जिलास्तरीय मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संघ चरणवद्ध आंदोलन करने जा रहा है। जिसके क्रम में 07 अगस्त को जिलास्तर पर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन, 08 सितम्बर को संभाग स्तर पर धरना ज्ञापन, 26 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर विशाल रैली ज्ञापन दिया जायेगा। तथा राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्य समिति में लिये गये निर्णय अनुसार 12 अगस्त तक संसदीय क्षेत्र में सांसदों को माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर 2010 के पूर्व शिक्षकों को टीईटी परीक्षा में छूट प्रदान कर कर्मचारी हित के आदेशों को तत्काल लागू करने का अनुरोध करेगा। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के चरणवद्ध आंदोलन के क्रम में 07 अगस्त को शिवपुरी कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा जायेगा। कर्मचारियों से ज्ञापन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

समाज हित के मुद्दों पर हुई चर्चा, आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

## सुंदरकांड पाठ के साथ ग्वालियरी अग्रवाल समाज मुरार की नवीन कार्यकारिणी की पहली बैठक संपन्न



**ग्वालियर जीएनएस**

ग्वालियरी अग्रवाल समाज मुरार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक बुधवार को गिर्राज मंदिर के समीप स्थित अग्रसेन भवन में सुंदरकांड पाठ के साथ आयोजित की गई। बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्नालाल गोयल थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त अध्यक्ष सुरेश बंसल, अग्रवाल महासभा के महामंत्री रवि गर्ग तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ समाजसेवी पारस जैन, राकेश मित्तल, नरेंद्र अग्रवाल (बोईसर वाले) और नवनियुक्त कोषाध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं सुंदरकांड पाठ से हुआ। इसके बाद आयोजित बैठक में समाज के विकास, संगठन की सक्रियता और आगामी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

नवनियुक्त अध्यक्ष पदमचंद जैन सर्राफ ने कहा कि वे समाज के प्रत्येक सदस्य के सुख-दुख में पूरी मजबूती के साथ खड़े रहेंगे और समाज की एकजुटता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों के सहयोग से निरंतर कार्य किए जाएंगे। बैठक का संचालन महामंत्री बालकिशन अग्रवाल %बंटी% ने किया, जबकि अंत में पवन सिंघल ने सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। बैठक के उपरांत सभी सदस्यों ने पारंपरिक दाल-टिक्कर के सामूहिक भोज का आनंद भी लिया।

### अब ऑनलाइन बनवाएं ट्रेड लाइसेंस- नपा ने शुरू की सुविधा

**शिवपुरी जीएनएस।** नगर पालिका परिषद शिवपुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर के द्वारा समस्त व्यवसायियों और दुकानदारों को सूचित किया गया है कि अब ट्रेड लाइसेंस ई-नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बनवाया जा सकता है। ट्रेड लाइसेंस छोटे और बड़े सभी व्यापारियों के लिए जरूरी दस्तावेज है। ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक का फोटो, दुकान या प्रतिष्ठान का फोटो, आधार कार्ड, संपत्तिकर की रसीद, जलकर की रसीद, किराए पर दुकान चलाने की स्थिति में किरायानामा और शपथ पत्र जमा करना होगा।

10 अगस्त को पांच तीर्थों के जल से होगा विशेष रुद्राभिषेक, शहर की सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा की होगी कामना

# त्र्यंबकेश्वर से ग्वालियर पहुंचा पवित्र जल, हजारेश्वर महादेव में सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक की तैयारियां शुरू

**ग्वालियर जीएनएस**

शहर में अच्छी वर्षा, आर्थिक समृद्धि, शांति और नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा 10 अगस्त को हजारेश्वर महादेव मंदिर में पहली बार नमक-चमक सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और इसी क्रम में त्र्यंबकेश्वर (नासिक) से पवित्र गोदावरी जल ग्वालियर पहुंच गया।

सकल ब्राह्मण महासमिति के अनुसार गेंडे वाली सड़क स्थित श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर में दोपहर 12 बजे से होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में गंगोत्री, काशी विश्वनाथ, ओंकारेश्वर, महाकाल और त्र्यंबकेश्वर से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

मुख्य संयोजक राजकिशोर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. जयवीर भारद्वाज, रामबाबू कटारे, जितेंद्र राजौरिया, प्रकाश नारायण शर्मा और बीना भारद्वाज रहेंगे। करीब



पांच हजार लीटर जल, पंचामृत, शहद, दूध, दही, घी, बेलपत्र, पुष्प एवं औषधियों से 11 ब्राह्मणों के सान्निध्य में सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा। अनुष्ठान का आचार्यत्व पंडित गिरिराज गुरुजी, पंडित ब्रह्मदत्त पांडेय शास्त्री एवं पंडित पवन शास्त्री करेंगे।

महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज के नेतृत्व में त्र्यंबकेश्वर स्थित गोदावरी नदी का पवित्र जल मंगला एक्सप्रेस से ग्वालियर लाया गया। रेलवे स्टेशन पर महासमिति के संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज, संगठन मंत्री ब्रह्मदत्त पांडेय शास्त्री, कार्यालय मंत्री देवेंद्र कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारियों ने कलश का स्वागत किया।

महासमिति ने बताया कि 10 अगस्त को पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों एवं निःशुल्क पंजीयन कराने वाले श्रद्धालुओं को पांचों तीर्थों का अमृत जल शीशी में प्रसाद स्वरूप निःशुल्क वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बीना भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को त्र्यंबकेश्वर महादेव का प्रसाद भी वितरित किया। संचालन देवेंद्र कुमार पाठक एवं एच.बी. शर्मा ने किया, जबकि आभार योगेंद्र दीक्षित ने व्यक्त किया।



अब न देरी, न दूरी
मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान
अब सरकार हमारे द्वार
नामांतरण, सीमांकन व फाइलें अब अटकेंगी नहीं, होगा ऑन-द-स्पॉट क्लीयरेंस!
हर योग्य किसान को फार्मर ID और टॉप-क्वालिटी खाद-बीज की इंस्टेंट डिलीवरी
आयुष्मान कार्ड का 100% कवरेज + हॉस्पिटल्स का ऑन-ग्राउंड सरप्राइज ऑडिट
e-KYC और आधार कार्ड अपडेशन बिना किसी झंझट के तुरंत डन!
कुटीर व लोकल बिजनेस को N.O.C. और स्वीकृतियों का सुपरफ़ास्ट अप्रूवल
PM आवास, नल से जल, राशन और लॉ एंड ऑर्डर का स्ट्रिक्ट ऑन-स्पॉट चेक
लोक सेवा गारंटी प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान, सरकारी कार्यप्रणाली का इवैल्यूएशन और जनसमस्याओं का क्विक सॉल्यूशन
आंगनवाड़ी सेवाओं व बच्चों के पोषण की निगरानी और स्कूल-कॉलेजों की शिक्षा का मूल्यांकन
सड़क, तालाब, अमृत सरोवर और अन्य विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन
शुभारंभ
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा
छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027
हर शुक्रवार, सरकार जनता के द्वार
D-11073/26
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार एवं किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कृषक जागरूकता रथ हुआ रवाना

**भिण्ड, जीएनएस।**
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से जिले में कृषक जागरूकता रथ को कृषि कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी (ए.आई.सी. ऑफ इंडिया) द्वारा जिले में कृषक जागरूकता रथ का संचालन किया जा रहा है।

जागरूकता रथ 17 अगस्त 2026 तक जिले के सभी विकासखण्डों, तहसीलों एवं ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर ऑडियो संदेश, पम्पलेट एवं अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ, बीमा प्रक्रिया तथा फसल बीमा योजना की अन्य गतिविधियों की जानकारी देगा।



उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि प्राकृतिक आपदाओं एवं मौसम की अनिश्चितताओं, विशेषकर संभावित अल-नीनो के प्रभाव, को देखते हुए अधिसूचित फसलों का समय पर बीमा कराकर योजना का लाभ अवश्य लें। खरीफ-2026 सीजन में अधिसूचित फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, धान, तिल आदि के लिए किसानों को केवल दो प्रतिशत प्रीमियम ही जमा करना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि शासन द्वारा वहन की जाएगी। उप संचालक कृषि ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ना है। किसानों की सुविधा एवं अधिकाधिक किसानों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल बीमा कराने की निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से बढ़ाकर 17 अगस्त 2026 तक कर दी गई है। किसानों से अपील की गई कि वे इस बढ़ी हुई समय-सीमा का अधिकतम लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथि से पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अवश्य कराएं। ऋणी किसानों का प्रीमियम संबंधित बैंक के माध्यम से जमा कराया जाएगा, जबकि अऋणी किसान स्वयं सीएससी केन्द्र, बैंक शाखा या क्राप इंश्योरेंस एप के माध्यम से स्वयं अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के बीमा प्रतिनिधि अथवा कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# शासकीय भूमि के अवैध नामांतरण पर नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर निलंबित

**ग्वालियर, जीएनएस।**
बिना उचित परीक्षण के शासकीय भूमि का नामांतरण आदेश पारित करने और सक्षम अधिकारी से पुनर्विलोकन की अनुमति लिए बिना ही आदेश संशोधित करने की गंभीर अनियमितता के चलते पुरानी छावनी वृत के नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर को निलंबित कर दिया गया है। संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने कलेक्टर रुचिका चौहान के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की है।

प्रतिवेदन के अनुसार, नायब तहसीलदार सतेन्द्र तोमर ने ग्राम मऊ की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक-296/2 का नामांतरण आदेश पारित किया। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी से पुनर्विलोकन अनुमति प्राप्त किए बिना ही अपने ही आदेश में संशोधन कर दिया। मध्य प्रदेश राजस्व संहिता (एमपी एलआरसी) अथवा किसी अन्य विधान में क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर कार्यवाही करना किसी भी पीठासीन अधिकारी के लिए अनुज्ञेय नहीं है। शासकीय कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही, कर्तव्यविमुखता और उदासीनता सामने आने पर संभागीय आयुक्त ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियमों के प्रावधानों के तहत सतेन्द्र तोमर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय ग्वालियर कलेक्टर कार्यालय रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# राजधानी भोपाल में नियमों को ताक पर रखकर चल रहे अवैध अहाते, आबकारी विभाग बना मौन दर्शक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शराब दुकानों के आसपास और विभिन्न इलाकों में अवैध तरीके से शराब परोसने और बेचने का कारोबार बेखौफ जारी है। आबकारी विभाग की सुस्ती और अनदेखी के चलते शहर के कई प्रमुख और व्यस्त इलाकों में देर रात तक शराब की अवैध बिक्री और खुलेआम पीने-पिलाने का दौर चल रहा है।

**देर रात तक खुल रही कलारियां, नियमों की उड़ रही धज्जियां**

शहर के इतवारा स्थित शराब दुकान और सुभाष नगर स्थित कलारी पर निर्धारित समय सीमा के बाद भी अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। देर रात तक दुकानों के शटर के पीछे से या आहाते की आड़ में शराब की सप्लाई बदस्तूर जारी रहती है। रात ढलते ही इन दुकानों के बाहर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे आसपास के रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों के पास खुले %चलते-फिरते अहाते%**

इतना ही नहीं, शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में शुमार मंगलवारा, जहांगीराबाद, हमीदिया रोड स्थित संगम कलारी और यहां तक कि हमीदिया अस्पताल के ठीक सामने भी यही स्थिति बनी हुई है।

इन इलाकों में बाकायदा %चलते-फिरते अहाते% तैयार कर लिए गए हैं, जहां लोगों को बैठाकर खुलेआम शराब परोसी जा रही है। अस्पताल के सामने इस तरह अवैध रूप से शराब परोसे जाने से मरीजों के परिजनों और आम जनता में खासा आक्रोश है।

# पूर्व मंत्री केपी सिंह कक्काजू से मिले पूर्व बागी सम्राट मलखान सिंह दद्दा, जाना स्वास्थ्य का हाल

**शिवपुरी/पिछोर।**
पिछोर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री केपी सिंह कक्काजू से पूर्व बागी सम्राट के नाम से चर्चित मलखान सिंह दद्दा ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक आत्मीय चर्चा हुई और मलखान सिंह दद्दा ने कक्काजू के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना।

बताया गया कि पूर्व मंत्री केपी सिंह कक्काजू पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर चंबल के पूर्व बागी सम्राट मलखान सिंह दद्दा उनसे मिलने उनके निवास ग्वालियर पर पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान दोनों ने पुराने दिनों को याद किया और क्षेत्र की राजनीति व सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

इस मौके पर ग्वालियर उपज मंडी के उपाध्यक्ष रामरूप सिंह परिहार और दाबरभाट के भूतपूर्व सरपंच रघुवीर सिंह परिहार भी मौजूद रहे। सभी ने पूर्व मंत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुलाकात के दौरान मलखान सिंह ने कहा कि केपी सिंह कक्काजू ने हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और वे सभी के लिए अभिभावक तुल्य हैं। उनका स्वास्थ्य हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। वहीं पूर्व मंत्री कक्काजू ने भी मलखान सिंह दद्दा के आने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि बागी जीवन छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के बाद मलखान सिंह लगातार समाज सुधार के कार्यों में लगे हैं, जो सराहनीय है।

गौरतलब है कि केपी सिंह कक्काजू पिछोर क्षेत्र के कद्दावर नेता माने जाते हैं और कई बार विधायक व मंत्री रह चुके हैं। वहीं मलखान सिंह दद्दा चंबल के सबसे चर्चित बागियों में से एक रहे हैं, जिन्होंने बाद में आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन अपना लिया था। दो अलग-अलग पृष्ठभूमि से आने वाले दोनों व्यक्तित्वों की यह मुलाकात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस दौरान मौजूद लोगों ने दोनों की मुलाकात को सामाजिक समरसता और सम्मान की मिसाल बताया।



06 अगस्त को मनोज पारस जी विधायक नगीना (पूर्व राज्य मंत्री) ने माननीय अरविंद कुमार शर्मा जी (नगर विकास विभाग मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ) से मुलाकात कर अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के कस्बा नगीना एवं शहर किरतपुर की नगर पालिका परिषद में मलिन बस्तियों में निम्न मार्गो पर सी0सी0 बनवाने हेतु पत्र सौंप कर उक्त मार्गो का निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराने का आग्रह किया 77 और पूर्व में भी माननीय विधायक जी ने निम्न मार्गों पर सी0सी0 बनवाने हेतु माननीय मंत्री जी से आग्रह किया था।

# विद्युत विभाग के खिलाफ ज्ञापन देने मंगलम गार्डन मे आये युवक के साथ मारपीट के मामले मे हुआ मामला दर्ज

**लहार, जीएनएस।**
नगर के मंगलम गार्डन मे दिनांक चार अगस्त को युवा कांग्रेस नेता के आवाहन पर बिधुत बिभाग के खिलाफ ज्ञापन देने के लिए एकत्रित हुए दो पक्षो मे पुराने बिबाद को लेकर बिबाद हो गया और मामला थाने तक जा पंहुचा जिस पर आज सुनील बघेल कैमरा की रिपोर्ट पर बिल्लू सिँह राजावत बिजपुरा के खिलाफ मारपीट का मामला कायम किया गया जानकारी के अनुसार बघेल समाज के युवा नेता सुनील बघेल जो कांग्रेस पार्टी मे पदाधिकारी भी रहे है दिनांक 4/8/2026 को युवा कांग्रेस नेता के बिधुत बिभाग के खिलाफ ज्ञापन देने के आह्वान को लेकर नगर के मंगलम गार्डन मे पहुंचे थे जहाँ पहले से ही मौजूद बिल्लू सिँह राजावत ने पुराने बिबाद को लेकर युवा नेता सुनील बघेल की युवा कांग्रेस नेता के सामने ही मारपीट कर दी पर युवा नेता द्वारा इस पर कोई प्रक्रिया व्यक्त नहीं की गयी जिससे आहत होकर सुनील बघेल ने लहार थाने की शरण ली और मदद की गुहार लगाई जिसपर आज लहार थाने मे बिल्लू सिँह राजावत के खिलाफ मारपीट की धराओं मे मामला दर्ज किया गया।

# शिवपुरी में वन विभाग का बड़ा एक्शन, अवैध रूप से चल रहीं 3 आरामशीनें जब्त

**शिकायत पर करैरा-पिछोर रेंज की संयुक्त टीम ने मारा छापा, तीन लोगों पर वन अपराध दर्ज**

**शिवपुरी, जीएनएस।**
जिले में अवैध काष्ठ चिरान के कारोबार पर लगाम कसने के लिए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। पिछोर तहसील के ग्राम ऊमरीकलां में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित हो रही 3 आरामशीनों को वन विभाग की संयुक्त टीम ने जब्त किया है। इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम, 1984 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग को मुखबिर के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी कि ग्राम ऊमरीकलां में कुछ लोगों द्वारा बिना लाइसेंस के अवैध रूप से आरामशीनों का संचालन किया जा रहा है। इन मशीनों पर प्रतिबंधित और बेशकीमती इमारती लकड़ी का अवैध रूप से चिरान किया जा रहा है। शिकायत को वनमंडल स्तर पर गंभीरता से लिया गया।

शिकायत की जांच के लिए शिवपुरी उप वनमंडलाधिकारी आदित्य शांडिल्य के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व पिछोर वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषभ बिसारिया कर रहे थे। इस टीम में करैरा और पिछोर रेंज के वन अमले को शामिल किया गया था।

योजना के तहत टीम ने मंगलवार को ग्राम ऊमरीकलां में दबिश दी। विभागीय नियमानुसार पहले गांव में सर्च वारंट चस्पा किया गया और पंचनामा तैयार किया गया। इसके बाद टीम ने चिन्हित स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान टीम को ग्राम ऊमरीकलां में तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से आरामशीन संचालित होती मिली। पहली मशीन ग्राम निवासी जगदीश पुत्र बद्री विश्वकर्मा के घर / परिसर में चलती मिली। दूसरी मशीन अच्छेलाल पुत्र किशनलाल विश्वकर्मा के यहां और तीसरी मशीन लक्ष्मण पुत्र बैजनाथ विश्वकर्मा के यहां संचालित होना पाई गई। तीनों ही संचालकों के पास मशीन संचालन का कोई वैध लाइसेंस, अनुमति पत्र या दस्तावेज नहीं मिला। मौके पर लकड़ी के बोटे और चिरान की हुई लकड़ी भी मिली है, जिसे वन विभाग ने कब्जे में लिया है। तीनों आरामशीनों को जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया है। इस संबंध में पिछोर वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषभ बिसारिया ने बताया कि ग्राम ऊमरीकलां में अवैध आरामशीन संचालन की सूचना मिली थी, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। तीन मशीनें जब्त की गई हैं और आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम, 1984 की धाराओं के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में बिना लाइसेंस चल रही आरा मशीनों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में बिना वन विभाग की अनुमति के आरा मशीन स्थापित करना और संचालित करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके लिए कलेक्टर और वन विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य होता है। बावजूद इसके ग्रामीण अंचलों में चोरी-छिपे इस तरह की मशीनें चलाई जा रही हैं, जिससे वनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। शिवपुरी वन मंडल की इस कार्रवाई को अवैध कारोबारियों के खिलाफ बड़ी चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

# महिलाओं युवाओं को उद्यम के अनेक अवसर : कैट

**भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 देश की अर्थव्यवस्था में मजबूत कड़ी होगा**

भारतीय अर्थव्यवस्था जिस तेजी से आगे बढ़ रही है आने वाला समय युवाओं और महिलाओं के लिये उद्यम के नये-नये अवसर पैदा कर रहा है। ईजी ऑफ डूईंग बिजनेस के क्षेत्र में कैट लगातार तकनीकी का प्रयोग करते हुये यह प्रयास कर रहा है कि हम अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बनें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कैट मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण समारोह में की। उन्होंने कहा कि मोदी और मोहन यादव के नेतृत्व में हम व्यापार को आगे बढ़ायेंगे 2014 के बाद ईजी ऑफ डूईंग बिजनेस शब्द लांच हुआ और उसी के अनुसार दिनों-दिन व्यापार में प्रगति हो रही है। कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने 12 अगस्त से 15 अगस्त तक नई दिल्ली, भारत मंडपम में आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में कहा कि यह अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी होगा एवं भारतीय उत्पादों को महत्व मिलेगा। इससे छोटे और लघु व्यापारी लाभान्वित होंगे। मंच पर तेजपालकुल सिंह पाली, मुरली हरवानी, नवनीत गोयल, योगी खंडेलवाल, उमेश तिवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कैट की कार्यकारिणी में सुनील अग्रवाल चेयरमेन, भूपेन्द्र जैन अध्यक्ष, गोविंद असाटी संयुक्त अध्यक्ष, राज कुमार गुप्ता प्रिंस प्रदेश संगठन महामंत्री, धर्मेन्द्र शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी, योगी खंडेलवाल, उमेश तिवारी प्रदेश महामंत्री, पवन जैन, राजेश अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारत भूषण अग्रवाल प्रदेश कार्यालय प्रभारी, चन्द्र प्रकाश शिवहरे, संदीप गोदा, रवि तलरीजा प्रदेश उपाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया। जबकि महिला टीम ने भी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन धमेन्द्र शर्मा ने किया, अभार प्रदर्शन रवि तलरेजा ने माना।




इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, संदीप गोदा, भूपेन्द्र जैन, योगी खंडेलवाल, तेजकुलपाल सिंह पाली, रामबाबू शर्मा, कमल पंजवानी, ओ.पी. बंसल, राकेश जैन अनुपम, मोहन शर्मा, पियांशु नागर, प्रमोद पाठक, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मनीष होतवानी, रैना मिश्रा, मंजरी श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. नेहा श्रीवास्तव, रवि तलरेजा, मनीष, राजेश खंडेलवाल, संजीव श्रीवास्तव, रौनक जैन, अविचल जैन, आत्माराम सोनी, धीरेन्द्र सोनी, विष्णु डोवले, मोहित ठाकुर, रमाकांत तिवारी, राहुल जेठवानी, रोहित जैन, डॉ. पंकज अटल, राजेश माहेश्वरी, पारस जैन, अवतन्स मोदी, राजेश अग्रवाल, प्रगति मंगल, रूचिका सचदेवा, श्रुति श्रीवास्तव, सुग्रीव साहू आदि उपस्थित थे।

# पिछोर में अवैध शराब बिक्री पर जिला पंचायत सदस्य ने उठाई आवाज, SDM से तत्काल कार्रवाई की मांग

**शिवपुरी/पिछोर।**

पिछोर अनुविभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कथित अवैध शराब बिक्री का मामला एक बार फिर चर्चा में है। जिला पंचायत शिवपुरी के पच्छर क्षेत्र के सदस्य मनीराम लोधी ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिछोर को पत्र सौंपकर क्षेत्र में हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

5 अगस्त को जारी पत्र क्रमांक 275 में मनीराम लोधी ने आरोप लगाया है कि शासकीय शराब दुकानों के अतिरिक्त गांव-गांव में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जिला पंचायत क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और छात्र-छात्राओं ने उनसे इस संबंध में शिकायत की। ग्रामीणों का कहना था कि गांवों में चौराहों, किराना दुकानों की आड़ तथा कुछ घरों से खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि यह अवैध बिक्री शासकीय ठेकेदार द्वारा कराई जा रही है।

**दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का किया उल्लेख**

जिला पंचायत सदस्य ने अपने पत्र में जिन ग्राम पंचायतों में अवैध शराब बिक्री की शिकायत मिलने का उल्लेख किया है, उनमें जराम, खैरावास, बदरवास, चौमुंहा, बमेरा, सतलैया, डबला, दवियागोविंद, पिपरा, भंवर नयाखेड़ा, बामौर दामरौन, करारखेड़ा, भिरौंटी, पनिहारी, मोटा भटखरा, देवगढ़, बिलरई, बमना, कठौआ, महोवा, टपरियन, परेशर, गोंची और हिम्मतपुर सहित 25 से अधिक ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

**कानून व्यवस्था और सामाजिक माहौल पर चिंता**

पत्र में कहा गया है कि कथित अवैध शराब बिक्री के कारण गांवों में आए दिन विवाद, मारपीट और घरेलू कलह की घटनाएं बढ़ रही हैं। शाम के समय नशेड़ियों का जमावड़ा लगने से महिलाओं एवं छात्राओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।

**संयुक्त कार्रवाई की मांग**

मनीराम लोधी ने पत्र की प्रतिलिपि एसडीओपी पिछोर, थाना प्रभारी पिछोर तथा आबकारी विभाग को भी भेजी है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस और आबकारी विभाग संयुक्त टीम बनाकर संबंधित गांवों में अभियान चलाएं, अवैध शराब जब्त करें तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।

गौरतलब है कि पिछोर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के आरोप पहले भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं। अब जनप्रतिनिधि द्वारा लिखित शिकायत दिए जाने के बाद प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है, इस पर क्षेत्रवासियों की नजर बनी हुई है।

# गुजरात से युवक का शव गांव मे पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम, पत्रकारों के जिला कमेटी ने दी आर्थिक सहायता

आजमगढ़ न्यूज़ 5 अगस्त आजमगढ़ जनपद के तहसील निजामाबाद के सरायमीर थाना अंतर्गत कोरौली बुजुर्ग गांव में गुजरात प्रान्त से एक 30 वर्षीय युवक का शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक इंद्रेश की मां मंजू देवी व बहन शव देखकर दहाड़े मार कर रोने लगी। परिजनों के विलाप से हर कोई की आंखें नम हो गई।

लोगों को विश्वास नहीं हो पा रहा था कि इंद्रेश कम समय में ही इस दुनिया को छोड़कर चला जाएगा। जबकि उसकी शादी भी तय हो गई थी। लोग शादी की तैयारी में जुटे हुए थे, लेकिन परिजनों को क्या पता कि यह शादी की तैयारी एक दिन मातम में बदल जाएगी। गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। शव यात्रा में काफी लोग अंतिम दर्शन करने के लिए जुटे रहे।विदित है कि तहसील निजामाबाद के सरायमीर थाना अंतर्गत कोरौली गांव निवासी इंद्रेश कुमार पुत्र विनोद कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष परिजनों की माली हालत देखते हुए गुजरात में किसी कंपनी में नौकरी करता था। तीन दिन पूर्व पिता विनोद कुमार को गुजरात से फोन आया कि आपके लड़के का एक्सीडेंट हो गया है,इंद्रेश के पिता घबराकर किसी तरह गुजरात पहुंचे, उन्होंने घायल इंद्रेश को सिविल अस्पताल वलसाड गुजरात में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के प्रयास से गुजरात पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव को घर भेज दिया। मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता विनोद कुमार पत्रकारिता जगत से जुड़े हैं। परिजनों के अनुसार मृतक इंद्रेश की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। लोग खबर पाकर उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंच गए। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 आजमगढ़ की जिला कमेटी भी घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता प्रदान किया। इस दौरान जिला संरक्षक श्रवण कुमार, जिला अध्यक्ष संजय कुमार, जिला प्रभारी कमलेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष तूफानी चौहान, जिला संगठन मंत्री दीपक लाल, आईटी सेल प्रभारी सादिक उस्मानी, जिला प्रवक्ता संजू, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला संगठन मंत्री दीपक भारती पत्रकार आजमगढ़, जिला महासचिव महेश कुमार आदि।

# 01 सितंबर को दिल्ली रैली के पूर्व भा क पा का देशव्यापी पदयात्रा अभियान 06 से 14 अगस्त 26 के तहत आज ग्वालियर मैं शंखनाद

**ग्वालियर, जीएनएस।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान बदलाव जरूरी है के तहत 01 सितंबर को दिल्ली में विशाल रैली और आमसभा के पूर्व देश भर में 6 से 14 अगस्त तक पदयात्राओं के निर्णय का जिला ग्वालियर में शंखनाद आज प्रातः 08 बजे सब्जी मंडी बिरला नगर ग्वालियर से पदयात्रा, पर्चा वितरण, नुक्कड़ सभाये प्रारंभ कर किया। नुक्कड़ सभा को कॉम कौशल शर्मा,कॉम शैलेश परमार ने संबोधित किया। पदयात्रा का नेतृत्व उप नगर ग्वालियर के सचिव कॉम अनवर खान, कॉम प्रकाश वर्मा कॉम जालिम सिंह एवं महिला नेत्री कॉम ज्ञान देवी वर्मा ने किया।

कॉमरेड कौशल शर्मा एडवोकेट म प्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य ने विज्ञप्ति जारी कर कहा की वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद भारत के संवैधानिक मूल्यों, लोकतन्त्र , अभिव्यक्ति की आज़ादी, सामाजिक न्याय, समाजवाद , धर्म निरपेक्षता, सार्वजनिक क्षेत्र, मेहनतकश जनता के हितों पर संकट पैदा किया है । छात्र और नौजवानों पर आंदोलन के दौरान क्रूरता पूर्वक हमले किए जा रहे हैं। पूंजीवादी और फासीवादी ताकतों के जन विरोधी गठजोड़ से जनता बेहाल है। लगातार बढ़ती महंगाई , बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ध्वस्त किया गया है। भारत सरकार की अमेरिकी साम्राज्यवाद परस्त नीतियों से सारी दुनिया में भारत की छवि पर आंच आई है। केन्द्र और राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा सरकारों द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का फासीवादी एजेंडा भारत की जनता पर थोपा गया है। ऐसे संकट के समय में जनहित के लिए हमारी प्रतिबद्धता और फासीवाद के प्रतिरोध के संकल्प की अभिव्यक्ति तथा मेहनतकश जनता की पक्षधर राजनीतिक चेतना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए पदयात्रा की जा रही है। आम जनता से अपील है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आव्हान बदलाव जरूरी है को साकार करने नई दिल्ली रामलीला मैदान में 01 सितंबर 26 को आयोजित विशाल आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील है।




# राज्य महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति बनी महिला सशक्तिकरण अभियान की ब्रांड एंबेसडर

राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा (रजि.) की कोर कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सम्माननीय सदस्य श्रीमती अंजू प्रजापति जी को महिला सशक्तिकरण अभियान का ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

श्रीमती अंजू प्रजापति जी लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, महिला अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, जन-जागरूकता तथा महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य करती रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर, शिक्षित एवं सम्मानपूर्ण जीवन दिलाने की दिशा में उनके प्रयास प्रेरणादायी रहे हैं। महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन तथा सामाजिक उत्थान के प्रति उनकी गहरी समझ और सक्रिय भूमिका को देखते हुए राष्ट्रीय प्रजापति हितकारिणी महासभा की कोर कमेटी ने उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। महासभा को पूर्ण विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण अभियान नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यापक जन-जागरूकता के साथ आगे बढ़ेगा तथा समाज की प्रत्येक बेटी, बहन और महिला को अपने अधिकारों, सम्मान और अवसरों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

हिन्दी दैनिक
श्रमसाधना
आपकी दुःख की घड़ी में
श्रमसाधना सदैव आपके साथ है
उठावनी/रस्म पगड़ी
का प्रकाशन
निःशुल्क
सम्पर्क करें
ग्वालियर
0751-2625029
9074257600
शिवपुरी
07492-232149
8251071286
E-mail : shramsadhnagwl@gmail.com

# अग्रवाल संघ मुरैना द्वारा तीन दिवसीय 'रक्षाबंधन मेला-2026' का शुभारंभ 7 अगस्त से

**मुरैना, जीएनएस।**
अग्रवाल संघ मुरैना के तत्वावधान में 7, 8 एवं 9 अगस्त 2026 को गांधी मैरिज होम, गांधी



बाल निकेतन रोड, गोपालपुर, मुरैना में तीन दिवसीय ÷रक्षाबंधन मेला‡2026÷ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मेला महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में अग्रवाल संघ की एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल है।

मेले का शुभारंभ 7 अगस्त 2026 को प्रातः 10ः00 बजे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष मुरैना श्री योगेशपाल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में अग्रवाल महासभा की अध्यक्ष श्रीमती शशि अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

इस मेले में महिला उद्यमियों द्वारा राखियाँ, परिधान, आभूषण, पूजा सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, गृह सज्जा सामग्री, हस्तशिल्प उत्पाद, खाद्य सामग्री तथा अन्य घरेलू एवं उपयोगी वस्तुओं के आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। यह आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा, कौशल एवं उद्यमशीलता का प्रदर्शन करने के साथ-साथ अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा।

अग्रवाल संघ का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें व्यवसाय एवं स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। संघ का विश्वास है कि जब महिलाएँ आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग और अधिक सुदृढ़ होगा।

मेले के समापन दिवस पर 9 अगस्त 2026 को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता का नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहेंगे।

मेला संयोजक राहुल गोयल एवं अग्रवाल संघ मुरैना के समस्त पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों से सपरिवार रक्षाबंधन मेले में पधारने, महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने, उनके उत्पादों की खरीदारी करने तथा इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

## अब ऑनलाइन बनवाएं ट्रेड लाइसेंस — नगर पालिका परिषद शिवपुरी ने शुरू की सुविधा

**शिवपुरी, जीएनएस।**
नगर पालिका परिषद शिवपुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने समस्त व्यवसायियों और दुकानदारों को सूचित किया है कि अब ट्रेड लाइसेंस (व्यापार अनुज्ञप्ति) ई-नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बनवाया जा सकता है। ट्रेड लाइसेंस छोटे और बड़े सभी व्यापारियों के लिए जरूरी दस्तावेज है। ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक का फोटो, दुकान या प्रतिष्ठान का फोटो, आधार कार्ड, संपत्तिकर की रसीद, जलकर की रसीद, किराए पर दुकान चलाने की स्थिति में किरायानामा और शपथ पत्र जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका कार्यालय की राजस्व शाखा में श्री जितेन्द्र तोमर से संपर्क किया जा सकता है।

## प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने सफाई अमले बैठक ली

**गुना, जीएनएस।**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शैलेश स्वास्थ्य के निर्देश पर नगर पालिका परिषद गुना के उपयंत्री व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक धाकड़ ने आज शहर के 37 वार्डों के सफाई अमले की बैठक ली। बैठक के दौरान सभी मैट/दरोगाओं को अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए तथा नियमित रूप से दो पालियों में सफाई करने एवं नियमित रूप से नाली निकासी के निर्देश दिए।



इस दौरान कचरा गाड़ी प्रबंधन को नियमित रूप से प्रत्येक वार्ड में कचरा गाड़ी भेजना एवं कचरा गाड़ियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में राष्ट्रीय त्यौहार,कार्यक्रम एवं धार्मिक त्यौहार है, उन्हें दृष्टिगत रखते हुए शहर में किसी भी सार्वजनिक स्थल पर, मंदिरों के आसपास एवं कॉलोनी में गंदगी जमा न हो, नियमित रूप से दोपहर में कचरे का निस्तारण हो। श्री दीपक धाकड़ ने वाहन प्रभारी को वार्डों में मांग के अनुसार ट्रैक्टर ट्राली, छोटी कचरा गाड़ी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने नगर पालिका की सहयोगी आई ई सी स्वच्छता टीम को नियमित रूप से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता गतिविधि करने के निर्देश दिए।

## जिले में अब तक 395.4 मिमी. वर्षा

**ग्वालियर, जीएनएस।**
बारिश की बाट जोह रहे ग्वालियर जिले के निवासियों के लिये पिछले तीन दिन सुकून भरे रहे हैं। पिछले दो दिनों में जिले में अच्छी बारिश हुई है। गुरुवार 06 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जिले में 395.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। पिछले साल इस अवधि में लगभग 895.5 मिमी. वर्षा हुई थी। इस प्रकार पिछले साल से 500.1 मिमी कम वर्षा हुई है। ज्ञात हो जिले की सामान्य औसत वर्षा 751.2 मिमी. है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में इस साल मानसून में सबसे अधिक 534.6 मिमी. वर्षा डबरा में और सबसे कम 275.9 मिली मीटर वर्षा चीनौर तहसील में रिकॉर्ड की गई है। जिले में मौसम विज्ञान केन्द्र ठाठीपुर-मुरार में 370.6 मिमी., वर्षामापी केन्द्र बरई घाटीगाँव में 353.4 व भितरवार तहसील में 442.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। पिछले साल इस अवधि में मुरार में 1076.3, घाटीगाँव में 866.3, डबरा में 912.4, भितरवार में 901.9 एवं चीनौर में 720.5 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड हुई थी। बता दें मुरार तहसील (ग्वालियर शहर) की औसत वर्षा 845.28 मिमी., घाटीगाँव तहसील की 596.58, डबरा की 798.96, भितरवार की 763.98 एवं चीनौर तहसील की औसत वर्षा 751.30 मिमी. है। इस प्रकार ग्वालियर जिले की औसत सामान्य वर्षा 751.2 मिमी. है।

## मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा शासकीय संभागीय आईटीआई भिण्ड में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 12 अगस्त को

**भिण्ड, जीएनएस।**
प्राचार्य शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिण्ड ने जानकारी दी है कि देश की अग्रणी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (गुजरात प्लांट) द्वारा 12 अगस्त 2026 (बुधवार) प्रातः 10ः00 बजे शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, भिण्ड परिसर में ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में 2018 से 2026 आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थी तथा 2026 बैच के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु जॉइनिंग के समय 18 से 24 वर्ष होना चाहिए। 10वीं में न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा आईटीआई में 50 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। अभ्यर्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। यह अवसर मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेंटर, वायरमैन, शीट मेटल, सीओई (ऑटोमोबाइल), इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, टूल एंड डाई एवं पीपीओ ट्रेड के अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा ?28,300 प्रतिमाह (एफटीसी-सीटीसी), अप्रेंटिसशिप अवधि में ?21,200 प्रतिमाह स्टाइपेंड, सब्सिडी युक्त भोजन एवं छात्रावास, यूनिफॉर्म, पीपीई, सुरक्षा जूते तथा कंपनी की नियमानुसार अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ 10वीं एवं आईटीआई की अंकसूची की स्वप्रमाणित प्रतियां, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा एक पासपोर्ट आकार का फोटो लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हों। यह प्लेसमेंट ड्राइव पूर्णतः निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।

## यामाहा मोटर्स इंडिया प्रा.लि. एवं न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर द्वारा आईटीआई भिण्ड में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 13 अगस्त को

**भिण्ड, जीएनएस।**
शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिण्ड के प्राचार्य श्री पुष्कर बंसल ने बताया है कि यामाहा मोटर्स इंडिया प्रा.लि. (ग्रेटर नोएडा प्लांट) द्वारा एनएपीएस अप्रेंटिसशिप हेतु 13 अगस्त 2026 (सोमवार) प्रातः 10ः00 बजे से शासकीय संभागीय आईटीआई भिण्ड परिसर में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 100 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को ?17,200 प्रतिमाह (?15,200 बेसिक, ?500 अटेंडेंस बोनस एवं ?1,500 डीबीटी) स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। इंटरव्यू के अगले दिन ही जॉइनिंग की सुविधा रहेगी।

इस भर्ती में 2021 से 2026 तक उत्तीर्ण पुरुष आईटीआई प्रशिक्षार्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी का आधार कार्ड में दर्ज पता ग्रेटर नोएडा से 150 किलोमीटर की परिधि के भीतर होना आवश्यक है तथा अभ्यर्थी शारीरिक रूप से फिट होना चाहिए। मान्य ट्रेडों में फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, पेंटर, डीजल मैकेनिक, मशीन ऑपरेटर, टूल एंड डाई मेकर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, इलेक्ट्रिशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, रेफ्रिजरेशन एवं ए.सी. मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, शीट मेटल वर्कर, पंप ऑपरेटर सहित अन्य संबंधित ट्रेड शामिल हैं। प्राचार्य श्री पुष्कर बंसल ने सभी पात्र प्रशिक्षार्थियों एवं आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं से निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट आकार के फोटो एवं बायोडाटा सहित उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### मप्र हाई कोर्ट का बड़ा फैसला- केवल 'फतवे' के आधार पर तलाक की घोषणा नहीं मांग सकता मुस्लिम पति

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि कोई भी मुस्लिम पुरुष किसी धार्मिक संस्था द्वारा जारी किए गए %फतवे% के आधार पर फैमिली कोर्ट से तलाक की घोषणा की मांग नहीं कर सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भोपाल की दारुल-इफ्ता मस्जिद कमेटी जैसे धार्मिक निकायों द्वारा जारी फतवा सिर्फ धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या हो सकता है, लेकिन यह कानूनी रूप से विवाह विच्छेद (तलाक) का आधार नहीं बन सकता।

### अमानक धान-बीज पाए जाने पर सख्त कार्रवाई

# जिले में तीन कंपनियों के बीजों का भंडारण व विक्रय प्रतिबंधित, दो विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त-निलंबित

**खाद-बीज भण्डारणों से नमूने लेकर कराई जा रही है प्रयोगशाला में जांच**

**ग्वालियर, जीएनएस।**
किसानों के हितों की सुरक्षा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा खाद-बीज की दुकानों का लगातार निरीक्षण कराया जा रहा है। साथ ही खाद-बीज के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराई जा रही है। नमूने अमानक पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। इस कड़ी में जिले में तीन कंपनियों के अमानक धान-बीज के भण्डारण एवं क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी तरह एक खाद-बीज भण्डार का बीज विक्रय लायसेंस निरस्त व दूसरे अन्य खाद-बीज भण्डार का बीज विक्रय लायसेंस निलंबित किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर लायसेंसिंग अधिकारी (बीज) एवं उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास श्री भानुप्रकाश शर्मा द्वारा अलग-अलग आदेश जारी कर यह कार्रवाई की गई है।

उप संचालक कृषि श्री भानु प्रकाश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान बीज (किस्म पी.बी.-1718 टी.एल.) अमानक साबित होने पर पंजाब की कंपनी मैसर्स जे.सी. एग्री केयर (इंडिया) के सभी प्रकार के बीजों के भंडारण, क्रय एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह बीज उत्पादक कंपनी अल्फा एग्रोटेक, कोटा राजस्थान (मार्के. ग्रीन रिवोल्यूशन प्रा.लि.) से लिया गया धान-बीज (किस्म पी.बी.-1509 टी.एल) अमानक पाए जाने पर इस फर्म के समस्त प्रकार के बीजों का जिले में भण्डारण एवं क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। धान बीज (किस्म पी.बी.-1847 टी.एल.) अमानक पाए जाने पर बीज उत्पादक कंपनी कार्तिक बायो सीड के समस्त प्रकार के बीजों के भण्डारण एवं क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रयोगशाला की विश्लेषण रिपोर्ट में गिर्राज जी खाद भण्डार एबी रोड घाटीगांव की धान-बीज (किस्म पी.बी.-1509 टी.एल.) नमूना अमानक पाए जाने पर इनका बीज विक्रय पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह न्यू गल्ला मंडी के सामने भितरवार रोड डबरा स्थित प्रधान कृषि सेवा केन्द्र फर्म का धान बीज (किस्म पी.बी. 1847 टी.एल.) बीज विक्रय पंजीयन निलंबित किया गया है।

रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद इन सभी कंपनियों व फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर बीज नियंत्रण आदेश, 1983 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है।

# 'देश में सभी राज्यो में गौ सरंक्षण एवम रक्षा विधयेक तुरंत प्रभाव से लाया जाए'

**जयपुर, जीएनएस।**
अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपुर के समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने गौमाता को राष्ट्र माता व राष्ट्रीय पशु का दर्जा व देश में सभी राज्यो में गौ रक्षा एवम संरक्षण विधयेक लाने एवम सभी राज्यों में में गौ सफारी व पर्यटन कार्रवाई हेतु महामहिम राष्ट्रपति महोदया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह, भारत के सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है । सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर धाभाई ने बताया कि देश की सभी विधानसभा व लोकसभा के सत्र में यह विधयेक तुरंत प्रभाव से पेश होना चाहिए और देश के किसी भी हिस्से में गौ तस्करी, मांस या उसके उत्पादों की बिक्री की गतिविधियों को तुरंत प्रभाव से बंद होना चाहिए । गायों के संरक्षण के लिए नए प्रावधान इस विधेयक में किए जाएं और राज्य के बाहर गायों को नहीं ले जा सके इस मसले में जीरो टॉलरेंस की नीति लागु की जानी चाहिए और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का भी प्रावधान इस बिल में होना चाहिए क्योंकि गाय हमारी माता है और उसकी रक्षा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए जरूरी कदम राज्य सरकार को तुरंत प्रभाव से उठाए जाने चाहिए । देश में गो के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकने एवम गौशालाओं में सुविधाओं को सुनिश्चित करवाने के लिए मांग उठाई है ।। देश गो माता के खिलाफ हो रहे अत्याचारों एवम गौशालाओं में हो रही अनियमितताओं एवं पूरे देश भर में गौ संरक्षण एवं रक्षा विधेयक पास किया जावे हेतु मांग पत्र भेजा है ।
जयपुर के समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने आगे बताया कि गौशालाओं के विकास योजना गत गौशालाओं में आधारभूत संरचनाओं जैसे कैटल शेड गोपालक आवास गृह चारा भंडार ग्रह पानी की थैली निर्माण, पानी की टंकी एवं टांका निर्माण बाड़े के अंदर खरंजा निर्माण आदि के कार्य की सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाए । पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से गौशालाओं के आसपास पेड़ पौधे भी लगाए जाएं गौशाला भ्रमण को पर्यटन के साथ पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा को भी रूचि दिखाने की आवश्यकता है आमजन में गौ संरक्षण की भावना विकसित करने की भी आवश्यकता है । गाय का हिंदू संस्कृति में बहुत ही अधिक महत्व है इसलिए गो को माता भी माना जाता है क्योंकि गाय के अंदर सभी देवताओं का वास होता है अतः गाय की सेवा करके मनुष्य ईश्वर की सेवा का परम सुख प्राप्त कर सकता है वर्तमान में गौ माता के जीवन पर संकट लगातार बढ़ता जा रहा है । शहरीकरण के कारण लोगों ने गायों को घरों में रखना और उनकी सेवा करना बंद कर दिया है यही नहीं गायों के चारे पानी की व्यवस्था भी अपर्याप्त रूप से नहीं हो पा रही है। हमें गायों के संरक्षण के लिए आगे होना आगे आना होगा तथा उनके लिए बड़े चारा आगरा क्षेत्र को संरक्षित करना और नए चारागाह क्षेत्र बनाने पर जोर देना होगा । साथ ही गायों के लिए चारे पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी गौशालाओं में होनी चाहिए लोगों में गाय के प्रति संरक्षक की भावना बड़े और हमारी संस्कृति में गाय का महत्व सदैव प्रतिपादित रहे गौशालाओं का संचालन और गौ माता की सेवा आमजन के सहयोग से ही की जा रही है साथ ही पशुओं की पशुओं की चिकित्सा का भी ध्यान रखा जाता है ताकि आगामी पीढ़ी तक हम गौ माता के स्वरूप को बरकरार रख सके और हिंदू संस्कृति के इस महान प्रतीक से भावी पीढ़ी को रूबरू करवा सकें

# 37 स्कूलों के लिए बनेंगे नये शाला भवन, मिली स्वीकृति

**श्योपुर, जीएनएस।**
राज्य शासन द्वारा वर्तमान सत्र में 37 स्कूलों के लिए नये शाला भवन निर्माण स्वीकृत किये गये है, राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा श्योपुर विकासखण्ड में 24 तथा कराहल विकासखण्ड में 13 नये शाला भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है।
जिला परियोजना समन्वयक श्री भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रायपुरा, सामरसा, ऊचाखेड़ा, विजरपुर, शंकरपुर, सीसवाली, छोटाखेड़ा, जवासा, काशीपुर, खाकरिया का सहराना, लूंड तथा मिडिल स्कूल लाडपुरा एवं तिल्लीपुर में संचालित स्कूलों के लिए नये भवन बनाये जायेंगे।
इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड में प्राथमिक शाला भवन निमोदामठ, शाहपुरा रूंडी, डोब का सहराना, रैना का टपरा, बलीहारा, बूढा गोठरा, इंदिरा कॉलोनी राहरौन, कुदरदा, पालमपुरा, सेंखरा, सरारीखुर्द, सिरसवाडी, बाघचकराना, चक कॉलोनी, नसीहर, निचलीखोरी, पठारी, रेशम केन्द्र, सिलोरी, टपरिया, अधवाडा, बासेड, चककिशनपुर एवं भनपुरा में भी स्कूलों के लिए नवीन भवन स्वीकृत किये गये है।
डीपीसी श्री भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि गत सत्र में विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय करोलपुरा, झारबडौदा, बरदुल्हा, मोगियापुरा, भूतकछा, जहानगढ, खूटका, ओछा की झोपडी, गसवानी, हीरापुरा, सेवला, डोबरी का पुरा एवं श्योपुर विकासखण्ड में प्राथमिक शाला बगदीया तथा बंजारा बस्ती रतोदन में नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिनके कार्य प्रगति पर है।

# खाद्य पदार्थो में मिलावट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।**
कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में फूड सेफ्टी विभाग द्वारा हाईस्कूल रायपुरा एवं एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोईकलां में छात्र-छात्राओं, शिक्षको एवं आमजन को मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
फूड सेफ्टी आफिसर श्री धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि विद्यालय के बच्चों तथा स्टॉफ एवं आमजन को अवगत कराया गया कि खाद्य पदार्थ के लिए फूड ग्रेड प्लास्टिक का उपयोग होना चाहिए, गर्म चाय एवं गर्म खाने आदि के लिए प्लास्टिक के कंटेनर एवं पॉलीथिन का उपयोग न करे, यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थो घी, दूध, मावा, मसाला आदि में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि मिलावट की जांच कैसे की जाये। इसके साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थो के संबंध में शिकायत करने के संबंध में टोल फ्री नंबर 1800112100 की जानकारी प्रदान की गई।
बच्चों को जागरूक किया गया कि पैकेट में बंद खाद्य पदार्थ खरीदते समय एक्सपायरी डेट, हरा, ब्राउन लोगों, इंग्रेडियेन्टस अवश्य देखें। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री धर्मेन्द्र जैन द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय चंबल कॉलोनी श्योपुर, शासकीय हाईस्कूल रायपुरा एवं शासकीय माध्यमिक स्कूल क्रमांक-02 नहर के पास श्योपुर से मध्यान्ह भोजन के नमूने भी जांच के लिए लिये गये।

# अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर

**श्योपुर, जीएनएस।**
अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के लिए 10 हजार रुपये से 1 लाख रुपये तक की परियोजनाओं हेतु सहायता प्रदान की जाएगी। आवेदक जिले का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति वर्ग का होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच हो। नियमित रूप से ऋण चुकाने पर अधिकतम 7 वर्ष तक 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। साथ ही ऋण की गारंटी फीस का भुगतान मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया जाएगा।
संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग इकाइयों के लिए 1 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक तथा सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 1 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के लिए आवेदक का अनुसूचित जाति वर्ग का एवं जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। नियमित ऋण अदायगी की स्थिति में अधिकतम 7 वर्ष तक 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत गारंटी फीस का भुगतान भी मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया जाएगा।

## दिव्यांगों को बस किराये में छूट संबंधी सूचना प्रदर्शित करने के निर्देश

**श्योपुर।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी श्री जगदीश भील द्वारा जिले के समस्त बस संचालकों एवं ऑपरेटरों को निर्देश जारी किये गये है कि दिव्यांग यात्रियों को शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानो के तहत यात्रा के दौरान बस किराये में रियायत प्रदान की जाये। उन्होंने बताया कि जिले के दिव्यांगजनों द्वारा जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से अवगत कराया गया है कि वैध दिव्यांग प्रमाण-पत्र अथवा यू.डी.आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने के बावजूद कुछ बस संचालकों द्वारा निर्धारित किराया रियायत का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इसको गंभीरता से लेते हुए बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी बसों में दिव्यांग किराया रियायत संबंधी सूचना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित (चस्पा) करें, ताकि पात्र दिव्यांगजन शासन की इस सुविधा का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि किसी दिव्यांग यात्री से वैध दिव्यांग प्रमाण-पत्र अथवा यू.डी.आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने के बाद भी पूरा किराया वसूले जाने की शिकायत प्राप्त होती है।

# गोरस में पशु चिकित्सा, पशु बांझ निवारण एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।**
कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा गत दिनों गोरस क्षेत्र के भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशो के क्रम में पशुपालन विभाग द्वारा आज ग्राम गोरस में पशु चिकित्सा, पशु बांझ निवारण एवं पशुपालको के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, एनआरएलएम डीपीएम श्री सोहनकृष्ण मुदगल, लीड बैंक मैनेजर श्री दिनेशचंद्र सहित महिला बाल विकास विभाग,



बिजली कंपनी आदि विभागों अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सहभागिता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।
शिविर में उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. सुभाष बाबू दोहरे ने उपस्थित पशुपालकों को मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष परियोजना एवं मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अंतर्गत संचालित बकरी पालन परियोजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण परिवार स्वरोजगार स्थापित कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही पशुपालन विभाग के क्षेत्रीय अमले को पात्र हितग्राहियों का चयन कर समय-सीमा में अधिक से अधिक बकरी पालन प्रस्ताव तैयार कराने एवं आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने के निर्देश दिए।
शिविर के दौरान विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामनिवास शाक्य, पशु चिकित्सालय गोरस प्रभारी डॉ. नरेंद्र कुमार माधुरिया, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री धर्मेंद्र अर्गल, श्री प्रदीप निगम एवं श्री पर्वत सिंह द्वारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही पशुपालकों को टीकाकरण, कृमिनाशन, संतुलित आहार, स्वच्छ पशु आवास तथा रोगों की रोकथाम संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान की गई।

# स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक 8 अगस्त को

**ग्वालियर, जीएनएस।**
अगस्त 2026/ ग्वालियर स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक शनिवार 8 अगस्त को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह की मौजूदगी में दोपहर 12.30 बजे बाल भवन के सभागार में आयोजित होगी। स्मार्ट सिटी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में सचिन तेंदुलकर मार्ग उन्नयीनकरण, मल्टीलेवल पार्किंग एवं कन्वेंशन सेंटर की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। साथ ही अन्य प्रगतिरत व अपूर्ण कार्यों की समीक्षा भी की जायेगी। बैठक में स्मार्ट सिटी के नियमित संचालन व स्मार्ट सिटी कंट्रोल कमांड सेंटर की समीक्षा भी होगी।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत अलापुरा में शिविर 07 को

**श्योपुर, जीएनएस।**
मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत श्योपुर जिले में 7 अगस्त शुक्रवार को प्रथम कार्यक्रम बडौदा तहसील के ग्राम अलापुरा में आयोजित होगा। 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले उक्त अभियान के तहत श्योपुर जिले में 19 कलस्टर पर शिविर लगायें जायेंगे। इस संबंध में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है तथा अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप तैयारियों के निर्देश दिये गये है।
कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशन में 7 अगस्त को अलापुरा कलस्टर पर आयोजित होने वाले शिविर में ग्राम पंचायत अलापुरा, फिलोजपुरा, हिरनीखेडा, लूण्ड, लुहाड, मेखडाहेडी, पाण्डोला, पाण्डोली, राडेप, रामगांवडी, तलावडा, तुलसैफ, उतनवाड एवं दुबडी शामिल रहेंगे। इस अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा तथा शासकीय योजनाओं की निगरानी के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में शेष पात्र लोगों को लाभ देने की कार्यवाही की जायेगी।

### पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की 103वीं जयंती पर शहरवासियों ने दी श्रद्धांजलि

# काकाजी के विचार जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं : तोमर

**ग्वालियर जीएनएस**

पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर (काकाजी) की 103वीं जयंती पर नगर निगम मुख्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर शहरवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर भजन गायक पीयूष तांबे एवं प्रतीक्षा तांबे ने भजन प्रस्तुत कर भावपूर्ण भजनांजलि दी।



कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि काकाजी का मार्गदर्शन उन्हें सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन के शुरुआती दौर में मिला। उनके सानिध्य में रहकर उन्होंने संगठन में कार्य करने की कला सीखी। स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर के विचार आज भी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि काकाजी ने कार्यकर्ताओं के जीवन को गढ़ने का काम किया और हमेशा उन्हें आगे बढ़ाने के साथ सम्मान दिया। उन्होंने सिखाया कि संगठन में हमें समस्या नहीं बल्कि समाधान बनकर कार्य करना चाहिए। उनका पूरा जीवन सरलता, सहजता और सादगी का उदाहरण रहा है।

नगर निगम के प्रशासनिक भवन सिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, ग्वालियर जिले के प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक जादौन, ग्वालियर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मधुसूदन सिंह भदौरिया, नेता प्रतिपक्ष हरिपाल, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व संगठन मंत्री वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता को किस प्रकार तैयार किया जाता है, यह काकाजी से सीखना चाहिए। उन्होंने हमेशा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उनका सार्वजनिक जीवन सादगी और सरलता से परिपूर्ण रहा तथा वे आमजन और कार्यकर्ताओं के लिए सदैव संघर्ष करते रहे।

**विधानसभा अध्यक्ष ने किया पौधारोपण :** स्व. नारायण कृष्ण शेजवलकर की स्मृति में नगर निगम मुख्यालय परिसर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए काकाजी के आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

**भजनांजलि में भक्ति रस से सराबोर हुए श्रोता :** नगर पालिक निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित भजनांजलि कार्यक्रम में भजन गायक पीयूष तांबे एवं प्रतीक्षा तांबे ने ÷कभी-कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े÷, ÷मनवा रे जीवन है संग्राम÷ और ÷ओ पालनहारे÷ जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में तबले पर पुनीत द्विवेदी, ढोलक पर आशीष लव्हाटे और कीबोर्ड पर मुनेन्द्र सिंह परिहार ने संगत दी।

### जीवाजी विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग नियमों और स्वस्थ डिजिटल आदतों की दी जानकारी

# माता-पिता की खुशी ही सही दिशा में बढ़ने का सबसे बड़ा संकेत : प्रो. सिंह

**ग्वालियर जीएनएस**

जीवाजी विश्वविद्यालय की ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान अध्ययनशाला में गुरुवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. एसके सिंह रहे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. हेमंत शर्मा ने की, जबकि प्रो. जेएन गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एंटी रैगिंग एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



मुख्य अतिथि प्रो. एसके सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग या इसके प्रति लापरवाही भविष्य में नौकरी, वीजा सहित अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। आज कई संस्थान और कंपनियां अभ्यर्थियों की सोशल मीडिया गतिविधियों और प्रोफाइल पर भी नजर रखती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी नींद की गुणवत्ता के बारे में भी पूछा। 31 विद्यार्थियों में से केवल दो ने संतोषजनक नींद होने की बात कही। इस पर प्रो. सिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग गुणवत्तापूर्ण नींद में बड़ी बाधा बन रहा है।

### भारत मंडपम नई दिल्ली में 12 से 15 अगस्त तक होगा आयोजन

# कैट के भारतीय व्यापार महोत्सव का उद्घाटन करेंगे गृहमंत्री अमित शाह

**ग्वालियर जीएनएस**

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 12 अगस्त को करेंगे। चार दिवसीय यह व्यापार महोत्सव 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैट की सलाहकार स्मृति ईरानी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।

कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, ग्वालियर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री राम कुमार गोयल और कोषाध्यक्ष नितिन गोयल ने बताया कि इस व्यापार महोत्सव में ग्वालियर की महिलाओं एवं विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा ग्वालियर-चंबल संभाग से बड़ी संख्या में व्यापारी मेले में पहुंचकर व्यापारिक संभावनाओं को तलाशेंगे।

उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को दोपहर 2 बजे भारत मंडपम नई दिल्ली में कैट मध्यप्रदेश की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के पदाधिकारी और कैट सदस्य शामिल होंगे।

कैट मीडिया प्रभारी हिमांशु छापड़िया और धनराज सेवानी ने बताया कि व्यापार महोत्सव में शामिल होने वाले व्यापारियों के लिए 8 अगस्त को शाम 4 बजे जीवाजी क्लब में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मेले की तैयारियों और सहभागिता को लेकर चर्चा की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**भोपाल जीएनएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रगान के रचयिता, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, महान शिक्षाविद् और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय टैगोर ने अपने साहित्य, शिक्षादर्शन और मानवीय मूल्यों के माध्यम से भारत कीसांस्कृतिक चेतना को नई दिशा प्रदान की। ज्ञान, सृजन, संवेदना और राष्ट्र प्रेम का गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर का संदेश आज भी विकसित, समरस और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की हमारी यात्रा को निरंतर आलोकित करता है।




# साइबर ठगी के मामलों की एसएसपी ने की समीक्षा, पीड़ितों को जल्द राहत के निर्देश

**ग्वालियर जीएनएस**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में जिले के सभी थाना प्रभारियों की साइबर धोखाधड़ी से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में दर्ज साइबर अपराधों की केस डायरी, जांच की वर्तमान स्थिति, प्रकरणवार प्रगति और आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित हुए।



बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) सुजावल जग्गा सहित जिले के सभी सीएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी और साइबर क्राइम विंग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

एसएसपी ने प्रत्येक साइबर धोखाधड़ी के प्रकरण की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने विवेचना की प्रगति, आरोपियों की गिरफ्तारी, तकनीकी साक्ष्य जुटाने, बैंक खातों के विश्लेषण, ठगी की राशि को समय पर होल्ड कराने, संदिग्ध खातों को फ्रीज कराने और पीड़ितों को फ्रीज राशि वापस दिलाने के प्रयासों की जानकारी ली। लंबित मामलों में प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए उन्होंने तकनीकी अनुसंधान को और मजबूत करने पर जोर दिया।

बैठक में साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंक खातों को होल्ड या फ्रीज करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा हुई। एसएसपी ने निर्देश दिए कि जांच के दौरान किसी व्यक्ति का बैंक खाता होल्ड या फ्रीज किए जाने पर संबंधित व्यक्ति को निर्धारित प्रक्रिया के तहत बैंक शाखा में आवेदन करने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिकायत दर्ज कराने की स्पष्ट जानकारी दी जाए।

इससे आमजन अनावश्यक भ्रम और परेशानी से बच सकेंगे तथा उनकी समस्याओं का जल्द समाधान हो सकेगा।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।